
वर्ष : 16 अंक: 344 ग्वालियर • सोमवार 12 फरवरी 2024 • पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.



दैनिक
# चम्बल सुर्खी
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 36 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 22 डिग्री
न्यूनतम 09 डिग्री

**संक्षिप्त समाचार**



## कर्नाटक में शाह बोले- BJP-JDS गठबंधन पर संदेह न करें कोर कमेटी की मीटिंग में चेतावनी दी- बेमेल बोल ही परेशानी का कारण बनते हैं

**मैसुरु। एजेंसी** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कर्नाटक में BJP कोर कमेटी की मीटिंग में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने BJP और JDS गठबंधन पर सवाल उठाने वाले BJP नेताओं को चेतावनी दी। शाह ने कहा कि जेडीएस और बीजेपी गठबंधन पर किसी को संदेह नहीं करना चाहिए। 2019 में ऐसे ही असंगत शब्दों के कारण कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन की हार हुई थी। शाह ने नेताओं को हिदायत देते कहा कि आपको ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि बेमेल बोल ही गठबंधन के लिए परेशानी का कारण बनते हैं। कोई भी ऐसा बयान न दें जिससे गठबंधन खतरे में पड़े। इससे पहले उन्होंने वरुणा के सुत्तूर में जात्रा महोत्सव में हिस्सा लिया। जहां उन्होंने जगद्गुरु शिवरात्रिश्वर शिवयोगी गाडुगे की विशेष पूजा की।

## अखिलेश यादव बोले: हमारी सरकार ने कराया अयोध्या, मथुरा और वाराणसी का विकास, पूरे देश में बनी यूपी की पहचान

**लखनऊ। एजेंसी** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी विकास की राजनीति करती है। समाजवादी सरकारों ने प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास किया। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, नौकरी रोजगार को बढ़ाने का काम किया। उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी। शहरों और गांवों को खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़ाया। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि समाजवादी सरकार में किए गए कामों से यूपी की पहचान पूरी दुनिया में हुई। जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है, तब से यूपी का विकास मानो खो गया। भाजपा ने विकास कार्यों को बर्बाद कर दिया।

# मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार डबल तेजी से काम कर रही है: प्रधानमंत्री मोदी

### मध्यप्रदेश सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है कि डबल इंजन की सरकार कैसे काम करती है प्रधानमंत्री मोदी ने की क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय की घोषणा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मध्य प्रदेश आगमन सौभाग्य का अवसर: मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

**भोपाल। एजेंसी**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार पिछले दस वर्षों में जनजातीय उत्थान, गौरव और सम्मान के लिए समर्पित रही है। मध्यप्रदेश देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है कि डबल इंजन की सरकार कैसे काम करती है । वे आज झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होने लगभग 7500 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि झाबुआ यात्रा लोक सेवक के रूप में प्रदेश की जनता का आभार प्रकट करने के उद्देश्य से है जिसने विधानसभा में विकास के प्रति जो प्रतिबद्धता जताई । उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेशवासियों की विकास के प्रति प्रतिबद्धता निरंतर दृढ़ रहेगी। केन्द्र सरकार जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए कृत संकल्पित है।

श्री मोदी ने कहा कि झाबुआ, खरगोन, अलीराजपुर, धार, बड़वानी सहित मध्यप्रदेश के लिए करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का



लोकार्पण, गांवों की बेहतरी के लिए आदर्श गांव योजना में जारी राशि, बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बड़ी रेल परियोजनाएं, रतलाम और मेघनगर रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण और जनजातीय समाज की दो लाख बहन बेटियों के खातों में जारी 1500-1500 रुपए देने जैसे विकास के काम बताते हैं कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार डबल तेजी से काम कर रही है। विकास के इस महाभियान का श्रेय जनता को जाता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने टंट्या मामा के नाम पर क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय की घोषणा की।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जनजातीय बहुल क्षेत्र झाबुआ के गोपालपुरा में जनजातीय बंधुओं से रू-ब-रू हुए। उन्होने विकास कार्यों पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी जनजातीय बंधुओं के विशाल कुंभ में अभिवादन स्वीकार करते हुए मंच पर पहुंचे।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा व श्री फग्गन सिंह कुलस्ते पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्रिगण, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा, जनजातीय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री समीर उराम तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी को वनवासी राम का स्मृति चिन्ह तथा तीर कमान भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। इस अवसर पर क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। विशाल जनजातीय महाकुंभ में मध्यप्रदेश सहित गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के लोगों ने भाग लिया।

### भगोरिया उत्सव की शुभकामनाएँ

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बाबा डूंगर देव की जय के उद्घोष के साथ बड़ी संख्या में पधारे जनजातीय समाज को नमन करते हुए कहा कि झाबुआ जितना मध्य प्रदेश से जुड़ा है उतना ही गुजरात से जुड़ा है। झाबुआ के लोगों के दिल भी गुजरात से जुड़ा है। उन्होने कहा कि जनजीवन की संस्कृति का उल्लेख करते हुए भगोरिया उत्सव शुभकामनाएं दी।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा: राहुल गांधी बोले-

## बीजेपी-आरएसएस नफरत फैला रही है, जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है

**रायगढ़। एजेंसी**

सांसद राहुल गांधी की न्याय यात्रा आज फिर से रायगढ़ के महात्मा गांधी चौक से शुरू हुई। इस न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने रोड शो के जरिए जनता का अभिवादन किया। उन्होंने रायगढ़ से खरसिया विधानसभा में एंट्री की। इससे पहले वे अपने निर्धारित समय से करीब 4 घंटे लेट दिल्ली से जिंदल हवाई पट्टी एयरपोट पहुंचे और वहां से सीधे रायगढ़ शहर के महात्मा गांधी चौक पहुंचे।



अपने संबोधन में राहुल गांधी ने जातिगत मुद्दों के साथ-साथ अडानी को भी घेरा। साथ ही साथ मीडिया को भी कटघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाये। रायगढ़ के रामकुमार चौक में जनता तथा मजदूरों से मिलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि सभी लोगों का पैसा अडानी की जेब में जा रहा है। अंबानी जैसे व्यक्ति के द्वारा चीन से मोबाइल खरीदकर पूरे भारत में बेचा जाता है। चीन का मोबाइल खरीदने से वहां के युवाओं को रोजगार मिलता है। हम चाहते हैं मोबाइल फोन छत्तीसगढ़ में बने और यहीं के युवाओं को रोजगार मिले। राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में आग लगी हुई है। वहां भाई-भाई को गोली मार रहा है। कोई सरकार नहीं दिख रही है, हजारों लोग मारे गए, घर जल रहे हैं, लेकिन आज तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर नहीं गए।

### प्रमोद कृष्णम 6 साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित: कहा-

## क्या कांग्रेस में रहने के लिए चमचागिरी जरूरी है, राम और राष्ट्र से समझौता नहीं

**नई दिल्ली। एजेंसी** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में पार्टी के नेता और कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को एक बयान जारी इसकी जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने कहा कि अनुशासनहीनता और पार्टी के खिलाफ बार-बार बयान देने की शिकायतों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष



मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रमोद कृष्णम को तत्काल प्रभाव से निष्कासित करने के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

पार्टी से निष्कासन के बाद प्रमोद कृष्णम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा- मैं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे कांग्रेस से मुक्ति देने का फरमान जारी किया। क्या कांग्रेस में रहने का मतलब है कि हमें चमचागिरी करना और झूठ बोलना जरूरी है।

हाल ही में प्रमोद कृष्णम ने अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की जमकर तारीफ की थी।



## रामलला के दरबार में योगी सरकार ने लगाई हाजिरी, सीएम योगी के साथ मंत्री-विधायकों ने किए दर्शन

**लखनऊ। एजेंसी** अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में रविवार को योगी सरकार ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। प्रदेश के मंत्री व विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दर्शन किए। इस दौरान सभी बेहद उत्साहित दिखे और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। राम जन्मभूमि के गेट नंबर 11 से 10 बसों में आए विधायकों और मंत्रियों को प्रवेश दिया गया।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां से वह राम जन्मभूमि के लिए रवाना हो गए। इसके पहले, लखनऊ विधानसभा के सामने से योगी कैबिनेट के मंत्री और विधायक लग्जरी बसों से अयोध्या के लिए रवाना हुए। रास्ते में बाराबंकी में सभी की शानदार अगवानी हुई। यहां पर सभी ने नाश्ता किया और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ आगे के लिए रवाना हो गए।

# पंजाब के किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े

### हरियाणा पुलिस ने शंभू बॉर्डर से खदेड़ा; दिल्ली कूच पर अड़े, चंडीगढ़ में धारा 144

**अंबाला। एजेंसी**

संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) के 13 फरवरी को दिल्ली कूच से पहले हरियाणा और पंजाब के शंभू, खनौरी समेत सभी बॉर्डर सील कर दिए गए हैं। वहीं सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर भी सीमेंट के बैरिकेड लगा दिए गए हैं। पंजाब से आने वाले किसानों को रोकने के लिए अंबाला के शंभू बॉर्डर और फतेहाबाद में बैरिकेड्स और लोहे की कीलें लगा दी गई हैं।

हरियाणा के 7 जिलों में आज (रविवार) सुबह 6 बजे से मोबाइल इंटरनेट, डोंगल और बल्क स्म्स बंद कर दिए गए हैं। यह रोक अंबाला, हिसार,



कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, फतेहाबाद और पुलिस जिला डबवाली समेत सिरसा जिले रहेगी। यह आदेश 13 फरवरी की रात 12 बजे तक लागू रहेंगे।

हरियाणा के सोनीपत, झज्जर, पंचकूला, अंबाला, कैथल, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद और जींद समेत 12 जिलों में धारा 144 लागू की गई है। इसके साथ पंजाब और दिल्ली के रूट भी डायवर्ट कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार ने पैरामिलिट्री की 64 कंपनियों को हरियाणा भेज दिया है। जिनमें BSF और CRPF के जवान भी शामिल हैं।

किसान-मजदूर मोर्चा के कोऑर्डिनेटर सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि अमृतसर में पंजाब सरकार के सीनियर अफसरों से मीटिंग हुई। जिसमें कहा गया कि 12 फरवरी को चंडीगढ़ में केंद्र के 3 मंत्रियों के साथ मीटिंग होगी। हरियाणा में इंटरनेट बंद करना उचित नहीं है। उन्होंने देश भर के किसान-मजदूरों को अपील की कि 13 फरवरी को दिल्ली कूच करें और आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। हम अपनी मांगें मनवाकर रहेंगे। हम बातचीत से नहीं भागेंगे। पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि हमें बातचीत के लिए कह रहे हो तो हरियाणा के हालात क्यों बिगाड़ रहे हो। पहले ही बैरिकेडिंग क्यों की जा रही है। किसानों की बातों का हल न हो तो बैरिकेडिंग करनी चाहिए।

## तमिलनाडु के 21 ठिकानों पर NIA की छापेमारी; मोबाइल, लैपटॉप, सिम के साथ हार्ड डिस्क भी जब्त

**चेन्नई / नई दिल्ली। एजेंसी** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) के अधिकारियों ने तमिलनाडु के 21 ठिकानों पर छापेमारी की। 2022 के कोयंबटूर कार बम धमाका मामले में जांच कर रही एनआईए की टीम एक साथ सभी ठिकानों पर छापेमारी करने पहुंची। प्रतिबंधित आतंकी संगठन- इस्लामिक स्टेट (ISIS) से जुड़े इन कार बम घमाकों के मामले में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के साथ-साथ आतंकी संगठन में भर्ती करने का मामला भी सामने आया है। एनआईए इस पहलू पर भी जांच कर रही है। 21 ठिकानों पर रेड के दौरान चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया।

# पं. उपाध्याय ने अपने जीवन को यज्ञ की आहुति में समर्पित कर भारतीय संस्कृति की पताका विश्व में फहराई: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए विशेष है। आज पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि है, जिन्होंने जनसंघ की स्थापना से लेकर अंतिम सांस तक, अपने जीवन को यज्ञ में आहुति की तरह समर्पित करते हुए देश ही नहीं पूरी दुनिया में



भारतीय संस्कृति की पताका फहराई और राजनीति का एक बड़ा दर्शन दिया। इस दर्शन को विश्व, एकात्मक मानव दर्शन के रूप में जानता है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव आये, उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों और उनका जीवन सफल हो ऐसे हर संभव प्रयास करना इस दर्शन का मूल भाव है। सभी के कल्याण के सुंदर विचार लेकर जिन्होंने राजनीतिक यात्रा का नेतृत्व किया ऐसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन हम सबको गौरान्वित करने वाला है। डॉ. यादव ने संगठन द्वारा आरंभ आजीवन सहयोग निधि संग्रहण में अपना योगदान भी दिया।

डॉ. यादव ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि आज झाबुआ में यशस्वी प्रधानमंत्री, वैश्विक नेता तथा सर्वाधिक लोकप्रिय श्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्र व आदिवासी अंचल झाबुआ पधार रहे हैं। श्री मोदी का मानना है कि पिछड़े से पिछड़े व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए उनके पास जाना होगा। आज झाबुआ में जनजातीय बंधुओं के बड़े कुंभ का आयोजन है।

### लोकसभा चुनाव 2024 खटाई में आप-कांग्रेस गठबंधन! खरगे बोले-

## कोई आया तो ठीक, न आया तो ठीक... हम अकेले लड़ेंगे

**चंडीगढ़। एजेंसी** पंजाब के खन्ना में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब सीएम भगवंत मान ने शनिवार को पंजाब की 13 और चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर अकेले चुनाव लड़ने का एलान किया। अब एक दिन बाद लुधियाना जिले के समराला में रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कह दी। यह पहली बार है जब कांग्रेस हाईकमान ने आप के साथ गठबंधन के बीच पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने की बात कही। हालांकि पंजाब कांग्रेस के कई नेता आप के साथ गठबंधन नहीं करने की बात हाईकमान तक पहुंचा चुके हैं। उनका मानना है कि



प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को ही इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी सरकार को हराने की खातिर इंडिया गठबंधन तैयार हो रहा है। कहीं पर गठबंधन ठीक है। कहीं पर मिलाप नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि यह समझ कर चलो की हमको लड़ना है। अकेले ही लड़ना है। आखिरी तक लड़ना है और विजय हासिल करना है। कोई आया तो ठीक, नहीं आया तो ठीक है। हमने यह फैसला पूरे देश में लिया है। केवल पंजाब की बात नहीं है। आपको मजबूती से लड़ना है।

# निर्वाचन प्रेक्षक ने किया मशीनों के एफएलसी कार्य का अवलोकन



**श्योपुर,ब्यूरो।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा श्योपुर जिले के लिए नियुक्त निर्वाचन प्रेक्षक श्री बी श्रीधर द्वारा आज कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस में ईव्हीएम मशीनो के एफएलसी कार्य का अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय कुमार, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अनुज कुमार रोहतगी, डिप्टी डीओ ग्वालियर श्री एलके पांडेय, एसडीएम श्री मनोज गढवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, तहसीलदार श्रीमती प्रेमलता पाल, निर्वाचन सुपरवाईजर श्री लटुरलाल सेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निर्वाचन प्रेक्षक श्री बी श्रीधर द्वारा लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईव्हीएम मशीनो की फर्स्ट लेबल चैकिंग के कार्य का अवलोकन किया तथा ऑनलाइल सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी मशीनो की चैकिंग की गई।



## ग्रामीण बैंक एक्स-स्टाफ संगठन विभिन्न मांगो को लेकर बैठे अनशन पर

**इंदौर।** म.प्र.की मध्यांचल ग्रामीण बैंक भुगतान कर रही है, लेकिन मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक भुगतान नहीं कर रही है) मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय, रेडीसन चौराहा-इंदौर (म.प्र.) के समक्ष बी.एन. शर्मा 70 वर्ष एव यशपाल सिंह जाट 58 वर्ष दिनांक 12.02.2024 से आमरण अनशन पर बैठे ।

# लकड़ी माफियाओं ने वन रक्षक पर किया हमला, एक घायल

## - रघुनाथपुर थाने में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**श्योपुर ब्यूरो।** जंगल में लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है। वन विभाग के अमले तक पर हमला कर रहे हैं। वहीं वनकर्मियों के पास सुरक्षा के साधन नहीं होने के कारण तस्करों का मुकाबला में कमजोर पड़ रहे हैं। शनिवार सुबह रघुनाथपुर बीट दक्षिण कक्ष क्रमांक पी 604 में देखने को मिली।

जहां पर लकड़ी चोरी कर ले जा रहे माफियाओ को रोकने पहुंचे वनकर्मियों पर हमला कर दिया।

हममे में घायल हुए वनकर्मी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। रघुनाथपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब 8 बजे खाड़ी रेंज में पदस्थ वनरक्षक अजय कुमार रावत



को सूचना मिली की कुछ लकड़ी माफिया लकड़ी चोरी कर बेल गाड़ी में भरकर ले जा रहे हैं।

इस सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लकड़ी से भरी बेल गाड़ी को जब्त कर लिया लेकिन माफियाओ ने लाठी से वनकर्मियों पर हमला कर दिया। इस हमले में वनकर्मी अजय रावत घायल हो गए। हमले में लकड़ी माफिया वकर्मियों पर भारी पड़ गए इसलिए उनको वहां से जान बचाकर भागना पड़ा। इसकी शिकायत वनकर्मी अजय पुत्र रमेश रावत की शिकायत पर आरोपित मावसिया केवट निवासी पोली, राकेश रावत, विनोद निवासीगण सुमरेरा के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# गांव चलो अभियान के तहत सभी जन प्रतिनिधि पहुंचेंगे बूथ केंद्रों परः भूषण

**श्योपुर ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व मिशन 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुड़ गई है। उन्होंने कहा कि 9 फरवरी से 11 फरवरी तक संगठन ने गांव चलो अभियान के माध्यम से बूथ मेनटेनेंस एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से सभी 9 मंडलों में गांव-गांव की चौपाल पर पूर्ण कालिक विस्तारक कार्यकर्ताओं को भेज कर बूथ सशक्तिकरण के लिए भेजा जा रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता और जिला एवं मंडल इकाइयों के पदाधिकारी और गांव चलो अभियान में जिन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है वे अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए इस अभियान को सर्वव्यापी और सर्व स्पर्शी बनाना है।

उन्होंने कहा कि जिस कार्यकर्ता को बूथ की जिम्मेदारी मिली है वे अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वाह करते हुए संगठन के इस महत्वपूर्ण कार्य को आगे बढ़ाने का काम करें। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि गांव चलो अभियान यह महत्वपूर्ण है जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को विकसित भारत बनाने के लिए हर समाज तक योजनाएं पहुंचे जिसके लिए यह अभियान लोकसभा चुनाव तक चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर विकसित संकल्प भारत यात्रा के माध्यम से योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा कर उन्हें लाभ दिलाने का कार्य किया गया है अब पार्टी



ने गांव चलो अभियान अपने हाथों में लेकर जो व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं हम उन योजना का लाभ दिलाने के लिए हर परिवार तक पहुंचे यह जिम्मेदारी हमारे लिए अति महत्वपूर्ण है। जिला महामंत्री शशांक भूषण ने कहा की हमें लोकसभा चुनाव में 51 प्रतिशत वोट भारतीय जनता पार्टी को दिलाने के लिए हम प्रत्येक बूथ पर कार्य करें ताकि हमारा वोट प्रतिशत बड़े और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत हो सके। की हर बूथ पर केंद्र राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थी हितग्राहियों एवं युवा मतदाताओं लाडली बहन योजना की पात्र हितग्राही महिलाओं को और अपनी विचारधारा के लोगों को पार्टी से जोड़कर संगठन को गति प्रदान करते हुए अपने बूथ को मजबूती प्रदान करें। यह प्रभावशाली व्यक्ति ही हमारी जीत का मुख्य आधार बनेंगे

मिडिया प्रभारी नरेश धाकड़ ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गांव चलो अभियान के माध्यम से जिले के सभी मतदान केंद्रों पर पूर्ण कालिक कार्यकर्ताओं को भेजा जा रहा है। जो कि संगठन कार्य के लिए 24 घंटे गांव गांव के परिवारों के साथ रहकर ऐसा भाव जागृत करेंगे कि हम जिस तरह अपने परिवार में रहते हैं उसी प्रकार हर कार्यकर्ता हर समाज के व्यक्ति तक पहुंचकर परिवार भाव का संदेश जागृत करें और संगठन ने जो कार्य सौंपा है उन्हें हमको अपने ही निर्धारित बिंदुओं के आधार पर पूर्ण करते हुए संगठन को आगे बढ़ाने का काम करेंगे यह हमारे लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

## मनीषा बनी खंडेलवाल महिला मंडल की अध्यक्ष



**श्योपुर ब्यूरो।** खंडेलवाल समाज महिला मंडल का चुनाव रविवार को सब्जी मंडी स्थित समाज के मथुराधीश मंदिर पर संपन्न हुआ। जिसमें मनीषा बूसर को सर्वसम्मति से महिला मंडल अध्यक्ष चुना गया। समाज अध्यक्ष चेतन खंडेलवाल की देखरेख में हुए चुनाव में आगामी कार्यकाल के लिए मनीषा बुसर को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अनीता रावत, गीता खंडेलवाल, सोनिया खंडेलवाल, गायत्री रावत, प्रमिला सोंखिया, मंजू बूसर, उषा काठ, मधु रावत, रेखा रावत, टीना बूसर, चंद्रेश घीया, वृंदा घीया को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। समाज की महिलाओ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहना कर स्वागत किया।

# जैविक खाद बनाकर उसका उपयोग करने का तरीका बताया

## - मनरेगा योजना के तहत हर्षा टीम ने उतनवाड़ गांव में किया भ्रमण

**श्योपुर ब्यूरो।** मनरेगा योजना तहत एवं जीआईजेड द्वारा संचालित सामुदायिक पोषण वाटिका में तकनिकी संस्था हर्षा ट्रस्ट टीम द्वारा भ्रमण किया गया जिसमे संस्था की दीदियों द्वारा विजिट करने आए सरस्वती, कोस्तव दत्ता एवं कुमुद कंदपान ने सामुदायिक पोषण वाटिका मे कार्य करने वाली एसएचजी की दीदियो से जैविक खेती पर चर्चा की गई और सीएनजी पर सब्जी और पौधो में जैविक खाद बनाकर उसका उपयोग करने का तरीका बताया गया जिसमें जीवामृत, मटका खाद, निमास्त्र, गोबर खाद का उपयोग करने पर अधिक से अधिक हरी सब्जियां फल दार पौधो में पानी देने के साथ उपयोग करने पर चर्चा हुई और सीएनजी पर सब्जी लगाने का तरीका बताया गया कि क्यारी बनाकर सब्जी लगाई जाना चाहिए अलग अलग प्रकार से जिससे सब्जी उत्पादन क्षमता अधिक होती रहें और उसके अलावा सीजन के अनुसार ही सब्जी लगाने पर बात हुई जिसमे ग्राम पंचायत रोजगार सहायक हेमंत नागर हर्षा ट्रस्ट से जिला समन्वयक मुनीष



कुमार मीणा, फिल्ड एक्सजीकेटिव श्रीमान धर्म सिंह मीणा, भरत नायक ग्रामवासी उपस्थिति रहे। इसके बाद ग्राम पंचायत झुंया में सीएनजी पर विजिट की गई जिसमें एसएचजी महिलाओं को जैविक खेती पर चर्चा हुई और सीएनजी पर सब्जी लगाने पर बात करते हुए एसएचजी महिलाओं को जैविक खाद बनाकर उसका उपयोग करने पर चर्चा हुई जिसमें मातादीन प्रजापति कराहल ब्लाक और सीआरपी राजाराम उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत बारंगवा में सीएनजी पर विजिट की गई जिसमें पौधे लगाए गए और उन्होंने सब्जी लगाने पर बात हुई और सामूदायिक पोषण वाटिका पर सब्जी मैं जैविक खाद बनाकर उसका उपयोग करने पर चर्चा हुई जिसमें संजय कुमार उपस्थित रहे और उसके बाद ग्राम आगरा में सीएनजी पर विजिट कराई गई जिसमें एसएचजी महिलाओं से बात करते हुए कहा कि आप अपने अपने घर में उपयोग करने के लिए सीएनजी पर जैविक खेती करना है और उसका उपयोग करने पर चर्चा हुई जिसमें अनुराधा चौहान उपस्थित रहीं

# गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा, फूल मालियान समाज मंदिर पर कथा शुरू





**श्योपुर ब्यूरो।** फूल मालियान समाज द्वारा संगीतमयी भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। जिसका रविवार को विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। सुबह 11 बजे श्रीहजारेश्वर मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ की गई जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां गणेश स्थापना के साथ श्रीमद् भागवत कथा का मंगलाचरण किया गया। श्रीमद् भागवत कथा से एक पूर्व निकाली गई कलश यात्रा में महिलाएं मंगल कलश सिर पर रखकर चल रही थीं। जिसकी शोभा देखते ही बन रही थी। यात्रा में भजने वाले भजनों से शहर वातारण गुंजायमान हो गया। गाजे-बाजे की धुन पर कलश यात्रा में शामिल महिलाएं-युवतियां नाचते-गाते चल रही थी। कलश यात्रा शहर के शिवपुरी रोड, गांधी पार्क, मैन बाजार, गणेश बाजार खरादी बाजार होते हुए कथा स्थल पर पहुंचकर समपन्न हुई। जहां कथा वाचक आचार्य राहुल पाराशर (दांतरदा वाले) कथा स्थल पर वैदिक रीति रिवाज से पूजन कराकर कथा का औपचारिक शुभारंभ कराया। पहले दिन की कथा में कथा वाचक ने कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। यदि मनुष्य श्रीमद्भागवत कथा सुनकर बचा हुआ जीवन शुद्ध आचरण के साथ गुजारता है तो उसे अवश्य ही परमपिता परमात्मा के चरणों में जगह मिलती है। कथा 18 फरवरी तक रोजाना दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी।

# आज रामेश्वर त्रिवेणी संगम पर मनाई जाएगी महात्मा गांधी की त्रयोदशी

**श्योपुर ब्यूरो।** हर वर्ष 12 फरवरी को जिले के मानपुर कस्बे से छह किलोमीटर दूर रामेश्वर धाम त्रिवेणी संगम पर जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की त्रयोदशी उसी श्रद्धाभाव और आस्था से मनाई जाती है, जिस श्रद्धा से बापू की जयंती व पुण्यतिथि मनाते हैं। सोमवार को भी हर साल की तरह गांधी विचार मंच द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर उनकी त्रियोदशी मनाई जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी की अध्यक्षता में होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान नशाबंदी समिति के अध्यक्ष धर्मवीर कटेवा, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य संयोजक राष्ट्रीय युवा योजना राजस्थान एवं गौ सेवा संघ राजस्थान के सचिव हनुमान सहाय शर्मा, जनपद अध्यक्ष रीना मीणा, पूर्व विधायक बद्री प्रसाद रावत, सीताराम आदिवासी, दुर्गालाल विजय, बृजराज सिंह चौहान, बाबूलाल मेवरा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कविता मीणा, नगरपालिका अध्यक्ष रेनू गर्ग, कलेक्टर संजय कुमार उपस्थित रहेंगे। ये जानकारी महात्मागांधी सेवा आश्रम के



प्रबंधक जयसिंह जादौन, उपाध्यक्ष कैलाश पाराशर, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष सत्यभानू चौहान ने संयुक्त रूप से दी है। बापू की त्रयोदशी के अवसर पर 12 फरवरी को रामेश्वर धाम त्रिवेणी संगम पर होने वाले आयोजन में जहां सर्वधर्म प्रार्थना सभा और भजनों का गायन होता है, वहीं अंत में गरीबों व आदिवासियों को भोजन भी कराया जाता है। विशेष बात यह है कि जब गांधीवादी नेता सत्य अहिंसा की अवधारणा के साथ यहां एकजुट होते हैं तो धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में जिले में स्थापित रामेश्वर त्रिवेणी संगम भी अनायास ही अद्वितीय स्थल प्रतीत होता है।

# ग्रामीण पर्यटन के लिए एमपी टूरिज्म को स्कॉच अवार्ड

**भोपाल ।** पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति से रूबरू कराने और सामुदायिक सहभागिता से स्वरोजगार के विभिन्न अवसर उत्पन्न करने वाली ग्रामीण पर्यटन को एक बार फिर स्कॉच संस्था ने सराहा है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को नई दिल्ली में 96ह्लद्ध स्कॉच समिट में ग्रामीण पर्यटन परियोजना के लिए टूरिज्म श्रेणी में अवार्ड प्रदान किया गया है। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने इस उपलब्धि के लिए पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों के साथ ग्रामीण पर्यटन परियोजना में सहयोगी संस्थाओं को बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार ग्रामीण पर्यटन परियोजना में और अधिक ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया न्यू दिल्ली में आयोजित एक समारोह में पर्यटन बोर्ड की ओर से संचालक श्री मनोज सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड ने ग्रामीण पर्यटन परियोजना अंतर्गत मध्य प्रदेश के छह संस्कृति क्षेत्र में सौ गांवों का चयन किया हैं। इसमें लगभग 30 गांवों में परियोजना का कार्य प्रारंभ हो गया है। इन गांवों में अतिथि आने लगे हैं और इसमें विदेशी अतिथियों का आगमन बहुत तेज़ी से बढ़ा है। विदेशी पर्यटकों के साथ साथ देशी पर्यटक भी इस परियोजना के प्रति अपनी रुचि दिखा रहे हैं।

## टूरिज्म श्रेणी में सिल्वर अवार्ड



उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा वर्ष 2019 में यह परियोजना प्रारंभ की गई थी। वर्तमान में केंद्र सरकार के द्वारा इस परियोजना को अत्यधिक महत्व प्रदान किया जा रहा है एवं कई राज्यों ने ग्रामीण पर्यटन परियोजना पर कार्य करना शुरू किया है। मध्यप्रदेश में यह परियोजना स्थानीय समुदाय के द्वारा संचालित की जा रही है इसमें स्थानीय लोगों को विभिन्न प्रकार के रोज़गार के अवसर भी मिल रहे हैं। ग्रामीण पर्यटन परियोजना अंतर्गत ज़मीनी स्तर पर एनजीओ संस्था पार्टनर है जिसके द्वारा क्रियान्वयन किया जा रहा है। परियोजना में विभिन्न शासकीय विभागों का समन्वय है।

## भोपाल में माउथ कैंसर के लिए डेडीकेटेड हॉस्पिटल बनबाने की पहल करूंगी : राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर

**भोपाल ।** भोपाल में माउथ कैसर के उपचार के लिए डेडीकेटेड हॉस्पिटल बनवाने के लिए पहल करूंगी।

यह बात पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कही है। श्रीमती गौर रविवार को इंडियन डेंटल एसोसिएशन भोपाल ब्रांच की एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थी।

## रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, ग्रामीणों ने लगाए एकतरफा कार्रवाई करने के आरोप

**श्योपुर ब्यूरो।** जिले की मानपुर थाना पुलिस ने शनिवार रात को घेराबंदी करके हीरापुरा चौराहे के पास से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। ग्रामीणों ने पुलिस की इस कार्रवाई को एकतरफा बताया है। जानकारी के अनुसार मानपुर पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान क्षेत्र के हीरापुरा चौराहे के पास रेत से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। इसके बाद कुछ ग्रामीणों ने पुलिस पर एंट्री देने वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर कोई कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए हैं।

मामले में सलापुरा निवासी रिंकू आदिवासी ने बताया कि मानपुर थाने के पास से दिन-रात 200 से ज्यादा रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली सलापुरा होते हुए श्योपुर आते हैं, इन पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। इनकी स्पीड़ बहुत ज्यादा होती है, जिनसे हादसे होने का डर बना रहता है। भूरेंडी गांव निवासी ऋषि ने बताया कि पुलिस सिर्फ उन्हीं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के खिलाफ कार्रवाई करती है, जिनसे या तो एंट्री नहीं मिलती या एंट्री की तारीख निकल जाती है। जिले भर में 400 से ज्यादा रेत के ट्रैक्टर-ट्रॉली चल रहे हैं। मानपुर क्षेत्र से लगभग 200 ट्रैक्टर-ट्रॉली निकलते हैं, एक ट्रैक्टर रोज 4 चक्कर लगाता है। पुलिस को निष्पक्षता से ऐसे वाहनों पर भी कार्रवाई करना चाहिए। मामले में एएसपी सतेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि मानपुर पुलिस ने रेत से भरे एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा है। पुलिस रेत के अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसमें अगर कोई भी पुलिसकर्मी शामिल होगा तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने आम जन और नौजवानों के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया है - केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

## पुरानी छावनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हुए शिविर में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

**ग्वालियर। (न.सं.)**

सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ वितरित किए लाभान्वित हितग्राहियों की जुबानी सुनी उनकी खुशियों की दास्तां शिविर में मौके पर ही लाभान्वित हुए एक हजार हितग्राही आम जन व नौजवानों के सपनों को पूरा करने का संकल्प प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के साथ-साथ आत्मनिर्भर एवं आद्यात्मिक शक्ति के रूप में भी उभर रहा है। यह बात केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कही। श्री सिंधिया रविवार को यहाँ पुरानी छावनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हुए हितलाभ वितरण एवं लाभार्थी सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर लाभार्थी श्रीमती रेखा राजपूत व श्री प्रकाश की जुबानी उनकी सफलता की दास्तां सुनीं। साथ ही बड़ी संख्या में मौजूद जनसमूह को बताया कि रेखा व प्रकाश की तरह देश के करोड़ों




करोड़ लोगों को सरकार पाँच से भी अधिक योजनाओं का लाभ दिलाकर उनका जीवन सुखमय बना रही है। श्री सिंधिया ने इन दोनों हितग्राहियों को मंच पर अपने बगल में बिठाकर सम्मानित किया।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हुए इस शिविर में लगभग एक हजार लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराया गया। श्री सिंधिया ने मंच से भी विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप हितलाभ वितरित किए।

कार्यक्रम में विधायक श्री मोहन सिंह राठौर, पूर्व मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा, बीज निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक श्री रामबरन सिंह गुर्जर, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष श्री हरिपाल, जनपद पंचायत मुरार के अध्यक्ष श्री दिलराज किरार तथा श्रीमती उमा शिवसिंह यादव, श्रीमती ऊषा गिर्राज मावई व श्री मनोज यादव सहित अन्य पार्षदगण तथा श्री विनोद जादौन समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश चंदेल, नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह एवं एसडीएम श्री अतुल सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

कार्यक्रम में लाभान्वित हितग्राही श्रीमती रेखा राजपूत ने केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया को जानकारी दी कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने के लिये ढ़ाई लाख रूपए व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 20 हजार रूपए मिले हैं। साथ ही आयुष्मान कार्ड, अन्नपूर्णा योजना के तहत निःशुल्क राशन, उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क रसोई गैस मिली है। इससे हमारा जीवन सुखमय हो गया है। इसी तरह एक और हितग्राही श्री प्रकाश ने कहा कि मुझे भी सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ मिला है। दोनों हितग्राहियों ने मंच से प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति आभार जताया।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन दे रही है। साथ ही उज्वला योजना के तहत 10 करोड़ लोगों को निःशुल्क रसोई गैस दी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का लक्ष्य है कि भारत का कोई भी व्यक्ति बिना छत के नही रहे। पिछले 10 साल में सरकार 4 करोड़ जरूरतमंद लोगों के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर बनवा चुकी है। सरकार ने 28 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाए हैं, जिससे जरूरत पड़ने पर ये लोग बड़े-बड़े अस्पतालों में पाँच लाख रूपए तक का निःशुल्क इलाज करा सकते हैं। सरकार करोड़ों करोड़ सीमांत कृषकों के खाते में प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तहत हर साल 10 हजार रूपए भेज रही है। श्री सिंधिया ने अन्य योजनाओं को भी इस अवसर पर रेखांकित किया।

# भाजपा सरकार जनता के अधिकारों का हनन कर रही है: सतीश सिकरवार



**ग्वालियर। (न.सं.)**

भाजपा सरकार जनता के अधिकारों का हनन कर रही है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा नही होनें देगी। जनता को मौलिक सुविधायें और उनके अधिकार दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी वचनवद्ध है। कांग्रेस पार्टी कभी झूठे वादे नही करती है, चाहे हमारी सरकार हो या न हो हम दिन-रात जनता के साथ खडे हुये है और यहां जनता को कोई भी परेशानी होगी। जनता की सेवा करने में कांग्रेस का हर कार्यकर्ता कोई कसर नहीं छोड़ेगा। यह बात विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अलग-अलग स्थान पर हुई वृहद बैठकों में कहीं। वार्ड 20, 23, 25, 26, 27, 28, 29 एवं 30 में वृहद बैठकें हुई। इन बैठकों में कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इन बैठकों में विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि देश में लोकतंत्र खतरे में है और आज भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस जन आम जनता के साथ सड़कों पर है और यह संघर्ष जारी रहेगा।

# नाबालिग बेटी से 4 साल तक कराई वेश्यावृत्ति

## मां-भाई समेत तीन दोषियों को 25-25 साल जेल

**ग्वालियर। (न.सं.)**

ग्वालियर में एक महिला ने अपनी ही 14 साल की बेटी से चार साल तक वेश्यावृत्ति कराई। पहले 54 साल के पड़ोसी से दुष्कर्म करवाया। फिर अजमेर ले जाकर होटल में भी रेप करवाया।

ग्वालियर हाईकोर्ट की प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फॉम सेक्सुअल ऑफेंस (पॉक्सो) एक्ट के विशेष न्यायालय ने लड़की की मां, उसके भाई और रेप करने वाले को 25-25 साल की सजा सुनाई है। मामले में शनिवार को फैसला सुनाते वक्त कोर्ट ने 20-20 हजार



रुपए का जुर्माना भी लगाया।

कोर्ट ने इसके अलावा भी ढाई लाख रुपए पीड़ित को बतौर मुआवजा दिलाए जाने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित के दूसरे भाई और एक अन्य को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। वहीं, एक आरोपी अभी भी फरार है।7 सितंबर 2019 को ग्वालियर में पड़ाव स्थित महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। तब पीड़ित की उम्र 14 साल थी। उसने बताया कि वह मूल रूप से दतिया की रहने वाली है। वहां माता-पिता व दो भाई के साथ रहती है। पिता स्र्कूल से रिटायर हैं।

उसने पुलिस को बताया कि मां व भाई उसे घर के पास रहने वाले 54 साल के संजू दुबे के पास छोड़कर चले जाते थे। संजू उसके साथ दुष्कर्म करता था। जब परिजन से शिकायत की, तो उसे उल्टा डांट लगा दी। ऐसा 2015 से शुरू होकर 2019 तक चलता रहा। एक बार दौलतगंज स्थित सरस्वती भोजनालय में उसे संजू दुबे के सुपुर्द किया।

# ऊर्जा मंत्री तोमर ने एबी रोड किशनबाग अस्पताल का किया निरीक्षण

**ग्वालियर। (न.सं.)**

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-1 के रामाजी का पुरा में रविवार सुबह एबी रोड, किशनबाग अस्पताल सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने रविवार की सुबह सबसे पहले पंचवटी कालोनी के नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। इसके बाद पूर्व पार्षद श्री प्रीतम सिंह नौगय्या, श्रीमती विमला नौगय्या के निवास पर पहुंचकर भोजन किया। तदोपरांत ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आरआर टावर से कटीघाटी फोरलेन रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा



निर्माण कार्य में अतिक्रमण, हैण्ड पम्प, ट्रांसफार्मर, बिजली पोल के आ रही बाधाओं को जल्द दूर करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके बाद ऊर्जा मंत्री ने किशनबाग के सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने किशनबाग-बरागांव मार्ग निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और निर्माण की खामियों को सुधारने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री के साथ श्री प्रयाग सिंह तोमर, श्री सतेन्द्र शर्मा, श्री रामनिवास सिंह तोमर, श्री श्याम गौड़, पूर्व पार्षद श्री जगत कौरव, श्री चिंटू परमार, श्री असलम, अनुविभागीय दंडाधिकारी श्री अतुल सिंह, तहसीलदार श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर, अपर आयुक्त नगर निगम श्री आरके श्रीवास्तव, श्री सुशील कटारे, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री ओमहरि शर्मा, सहायक यंत्री श्री जंगबहादुर सिंह कुशवाह, उप यंत्री श्री ओएन शर्मा के अलावा नगर निगम के जोनल अधिकारी और पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार की सुबह हजीरा स्थित नव निर्माणाधीन एलीवेटेड रोड के मार्ग में आई 22 दुकानों के मालिकों को नवीन दुकानों के साथ-साथ 10-10 हजार रुपए के चैक वितरित किए।

# महिला से मोबाइल व पर्स लूटने वाले एक शातिर लुटेरे को किया गिरफ्तार

**ग्वालियर। (न.सं.)**

पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल, के निर्देश पर लूट के प्रकरण में फरार आरोपी, आदतन अपराधियों, अवैध हथियार तथा अवैध शराब व मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश समस्त थाना प्रभारियों को दिये गये हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में अति पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य) अखिलेश रेनवाल द्वारा अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों को लूट व नकबजनी एवं आदतन अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है तथा थाना ग्वालियर के अप0क्र0 21/24 धारा 392 भादवि एवं 11/13 एमपीडीपीके एक्ट के प्रकरण में वांछित आरोपियों की पतारसी कर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश थाना प्रभारी ग्वालियर को दिये।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन सीएसपी ग्वालियर श्रीमती शुभा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ग्वालियर निरीक्षक जितेन्द्र सिंह तोमर द्वारा थाना बल की एक टीम को उक्त लूट के प्रकरण के आरोपियों को पतारसी हेतु लगाया गया। आज दिनांक 10.02.2024 को दौराने विवेचना एवं जरिए मुखबिर जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त घटना दिनांक को लूट करने वाले मोटर साइकिल सवार दो लड़कों में से एक लड़का मछली मंडी




के पास खड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया। मुखविर द्वारा बताये स्थान पर पुलिस टीम को एक लड़का खड़ा दिखा, जिसने पुलिस को देखकर मौके से भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये लड़के का नाम व पता पूछने पर उसने जहांगीर कटरा भैरो बाबा मंदिर के पास ग्वालियर का होना बताया। उससे उक्त प्रकरण के संबंध में पूछताछ की गयी तो उसके पहले पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया गया। लेकिन गहनता से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर महिला का मोबाइल व पर्स लूट करना बताया। पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी की निशादेही पर उसके घर से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल स्पलेडर एमपी-07-एमके-0479 व लूटा हुआ एक रेडमी कम्पनी का मोवाइल एवं लूट के रूपये में से 1500/- रूपये बरामद किये गये। पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण के दूसरे आरोपी की तलाश उसके छिपने के ठिकानों पर की गई जो कि नही मिला। पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी से क्षेत्र में हुई अन्य लूट की बारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

ज्ञात हो कि फरियादिया माधवी वाथम निवासी कृष्णा कॉलोनी सागर ताल रोड ग्वालियर ने थाना ग्वालियर में रिपोर्ट लेख कराई थी कि दिनांक 10.01.2024 समय शाम करीवन 06.00 बजे वह अपने ऑफिस सिटी सेन्टर से चार शहर का नाका होते हुये वापस अपने घर आ रही थी। जैसे ही वह पैदल-पैदल जनमित्र केन्द्र के सामने चार शहर का नाका पर पहुंची, तभी पीछे से एक मोटर साइकल पर सवार दो अज्ञात लड़के आये और मोटर साइकल पर पीछे बैठे लडके ने मेरे कन्धे पर टंगे ब्लेक कलर के पर्स को झपट्टा मारकर छीन लिया और मौके से भाग गये। पर्स मे एक रेडमी कम्पनी का मोवाइल और लगभग 18,000 रूपये नगदी थे। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना ग्वालियर में अप0क्र0 21/24 धारा 392 भादवि एवं 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# गुना सांसद केपी यादव के भाई अजय पाल ने छोड़ी कांग्रेस, केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कराई भाजपा में वापसी

**ग्वालियर। (न.सं.)**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक साल पहले कांग्रेस में शामिल हुए गुना सांसद केपी सिंह के भाई अजय पाल यादव को भाजपा की सदस्यता दिलाई। केंद्रीय मंत्री अपने क्षेत्र ग्वालियर-चम्बल में सक्रिय है, लगातार कई कार्यक्रम में जनता से संवाद कर रहे है इसके कुछ दिन पहले भी सैकड़ों कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल कराया था। दिल्ली से ग्वालियर वापस लौटे केंद्रीय मंत्री सिंधिया रविवार को क्षेत्र में कई धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। ग्वालियर में गुना सांसद केपी यादव के भाई अजय पाल यादव को भाजपा की सदस्यता दिलाई। आपको बता दें एक साल पहले , दिसम्बर 2022 में अजय पाल यादव ने भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर , राहुल गांधी के सामने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली थी। तब सांसद केपी यादव पर बड़े सवाल उठे थे लेकिन अब केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अमर पाल की भाजपा में वापसी कराई है।

# चलो गांव की ओर अभियान प्रवासी कार्यकर्ता पहुंचे बूथों पर

## बूथ पर मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय जी पुण्यतिथि

**ग्वालियर। (न.सं.)**

भारतीय जनता पार्टी का गांव चलो अभियान के अंतर्गत आज भाजपा महानगर के सभी बूथों पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में बूथों पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने पार्टी के द्वारा दी गई कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम किये गये।

हेमूकालानी मंडल के वार्ड क्रमांक 37 के अंतर्गत बूथ क्रमांक 38 पर पितृपुरूष पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति ने भाजपा के पितृपुरूष पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए



प्रेरणादायी संस्मरण सुनाये।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति ने बूथ क्रमांक 38 पर दीवाल लेखन किया एवं त्रिदेव और बूथ समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। भाजपा सरकार की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं के लाभार्थियों से भी मुलाकात की. तथा जनकल्याणकारी योजनाओं सहित भी जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र श्रीवास्तव, बूथ संयोजक सतेन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा बूथ समिति सदस्यों सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा वरिष्ठ नेता एवं जीडीए के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र सिंह राजपूत वार्ड क्रमांक 37 के अंतर्गत बूथ क्रमांक 36 पर पहुंचे । इस अवसर पर बूथ संयोजक राकेश शर्मा तथा बूथ समिति सदस्यों के अलावा अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# पंचकल्याणक में भगवान की माता हुई गोद भराई, नवीन वेदी और प्रतिमाओं की हुई शुद्धि

**ग्वालियर। (न.सं.)**

श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैसवाल जैन मंदिर के नवग्रह शक्ति पीठ स्थित श्री चंद्रपुरी काशी नगर में चल रहे श्री चंद्रप्रभु जिनबिम्ब पंच कल्याणक महोत्सव के दूसरे आज रविवार को गर्भ कल्याणक की क्रियाएं के साथ अन्य अनुष्ठान हुए। उपाध्यायश्री विहसंत सागर महाराज एवं मुनिश्री विश्वसाम्य सागर महाराज के सानिध्य सुबह अभिषेक शांतिधारा, वेदी शुद्धिकरण के साथ दोपहर में भगवान की माता की गोद भराई और रात्रि में महाराजा महसेना का राज दरबार आकर्षण के मुख्य केंद्र रहे। चंद्रपुरी काशीनगरी में उपाध्यायश्री के सानिध्य में सुबह नवीन मंदिर के शिखर पर चढ़ने वाले कलशरोहण को राजस्थान के बैंड के साथ हाथी सौभाग्य परिवार और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं अपने सिर पर



रखकर पंडाल की परिक्रम लगाने के मंच पर विराजित किए।

पंचकल्याणक महोत्सव में उपाध्यायश्री विहसंत सागर महाराज ने कहा धर्मसभा में सांबोधित करते हुए कहाकि गर्भस्थ शिशु को भी अच्छे संस्कारों से संस्कारित करना चाहिए तभी वह बालक संस्कारवान बनता है। गर्भ कल्याणक के माध्यम से संस्कारों के कारण मोक्ष प्राप्त होता है, अर्थात जन्म कल्याणक में जो बीजारोपण होता है वह वृक्ष बड़ा होकर मोक्ष लक्ष्मी के रूप में खड़ा होता है। वृक्ष तैयार करने के लिए बच्चों में संस्कार पूजन का सहारा लेना होगा। उन्होंने ने कहा कि गर्भवती महिला के अलावा घर में पिता को भी घर का वातावरण शुद्ध रखना चाहिए और विषय व कषाय जीवन को अशांत करती है। माता-पिता दोनों का कर्तव्य है कि गर्भस्थ शिशु को संस्कारित करें अगर तीर्थंकर नहीं बने तो कम से कम मुनि पद के माध्यम से भी सिद्ध पद को प्राप्त किया जा सकता है।

# जल, जंगल व जमीन के संरक्षण के साथ देश की एकता व अखण्डता में भी आदिवासी समुदाय का अहम योगदान: सिंधिया

**ग्वालियर। (न.सं.)**

केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जल, जंगल व जमीन का संरक्षण ही नहीं देश की एकता व अखण्डता में आदिवासी समाज का सदैव से अहम योगदान रहा है। भारतीय संस्कृति में माता शबरी की भक्ति सर्वोपरि है। इसी तरह आदिवासी समाज में जन्मे भगवान बिरसा मुण्डा ने भारत की एकता और अखण्डता के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। मंत्री सिंधिया रविवार को अरोन तिराहा घाटीगाँव स्थित शबरी माता आश्रम परिसर में आयोजित हो रही श्रीराम कथा में भाग लेने पहुँचे थे। उन्होंने इस अवसर पर माता शबरी के मंदिर में पूजा-अर्चना की और सभा को संबोधित किया। क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह राठौर ने घाटीगाँव क्षेत्र के सहरिया जनजाति बहुल मजरे-टोलों व दफाईयों का नामकरण एवं इन बस्तियों के विकास के लिये अपनी विधायक निधि से 25 लाख रूपए देने की घोषणा इस अवसर पर की।



शबरी माता आश्रम पर रामकथा में शामिल होने के बाद केन्द्रीय मंत्री सिंधिया श्री देवनारायण धाम सिरसा पहुँचे और यहाँ पर भगवान श्री देवनारायण के जन्मोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष तोरषण पाल, कथावाचक पं. अशोक शास्त्री, पूर्व विधायक जवाहर सिंह रावत व बृजराज सिंह चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा एवं महेन्द्र आदिवासी सहित सहरिया जनजाति के अन्य प्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में सहरिया समुदाय की महिलाएँ, बुजुर्ग व नागरिक मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि भारत सरकार अनुसूचित जातियों के समग्र कल्याण के लिये कृत संकल्पित है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आदिवासी बहुल जिला झाबुआ में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी समाज को बड़ी-बड़ी सौगातें दी हैं। सरकार ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय भी लिया है। इस अवसर पर उन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद सहरिया जनजाति समुदाय लोगों को भरोसा दिलाया कि आज जो मांगे बताई गई हैं उनको पूरा करने के लिये गंभीरता के साथ प्रयास किए जायेंगे।

विधायक मोहन सिंह राठौर ने कहा कि प्रदेश केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित बहुत सी निर्माण योजनाओं का लाभ मिलने से सहरिया बहुल बस्तियाँ वंचित न रहें। इसके लिये सभी सहरिया बहुल गाँवों का नामकरण कराया जायेगा। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद सहरिया समुदाय के लोगों से आह्वान किया कि वे आपस में बैठक कर अपने-अपने गाँव का नाम तय कर लें। जिससे प्रशासन व शासन स्तर पर नामकरण को अंतिम रूप दिया जा सके। उन्होंने कहा कि इसमें जो खर्चा आयेगा उसे विधायक निधि व सरकार की अन्य योजनाओं से दिलाया जायेगा। साथ ही कहा कि सहरिया बहुल गाँवों के विकास के लिये वे अपनी विधायक निधि से 25 लाख रूपए की धनराशि मुहैया करायेंगे।

# संपादकीय

## अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्ट्री को संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई का साहस दिखाएंगे क्या मुख्यमंत्री..?

**कीर्ति राणा**

हरदा में अवैध तरीके से चल रही पटाखा फैक्ट्री में लगी आग से हुई तबाही में यह प्रश्न गौण हो गया है कि कितने लोग असमय मौत का शिकार हुए? हरदा ही नहीं, देश के लोगों को यह पूछने का हक है कि सालों से यह फैक्ट्री वो भी बीच रहवासी क्षेत्र में चल कैसे रही थी? जांच समिति बना ही दी है, जब किसी मामले में सरकार ऐसी समिति गठन में तत्परता दिखाए तो आमजन याद करने लगता है कि जनहानि वाले मामलों को लेकर पहले जो जांच समितियां गठित की गईं, उनकी फाइलों ने फैसले उगले भी या नहीं! गुना बस हादसे में कलेक्टर, एसपी पर गाज गिरी थी। आज मुख्यमंत्री हरदा गए थे। कलेक्टर,एसपी को हटाकर उन्होंने अपनी सरकार पर लगे दाग धोने की तत्परता दिखाने का प्रयास किया है पर क्या कार्रवाई पर्याप्त है..?

हरदा की आग में जिन निर्दोषों की बलि चढ़ गई, उनके परिवारों को न तो फैक्ट्री मालिक राजेश अग्रवाल और दिनेश की गिरफ्तारी से संतोष मिलेगा और न ही मुआवजे की राशि उनके आंसू पोंछ पाएगी। इसी फैक्ट्री में पहले भी हुए विस्फोट में दो लोगों की जान जा चुकी है।इसके बाद भी फैक्ट्री अगर चल रही थी तो दोषी प्रशासनिक अधिकारी भी हैं, क्योंकि राजनीतिक, प्रशासनिक संरक्षण बिना इतनी ढील देना संभव ही नहीं है।

मप्र में पटाखों, बारुद से विस्फोट की यह पहली घटना नहीं है। मुरैना, राऊ में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में हुई मौतें, पेटलावद में 7 दर्जन से अधिक निर्दोषों के चीथड़ों की पोटलियों वाले लोमहर्षक दृश्य और जांच समिति की घोषणा लोग भूले नहीं हैं। इससे पहले बालाघाट में 29 और दमोह 7 लोगों की मौत भी ऐसे ही धमाकों में हो चुकी है। इन सारे विस्फोट के बाद अब यदि लोगों को यह लगने लगे कि 18 वर्ष के बाद बस सीएम बदले हैं, लापरवाही का ढर्रा वैसा ही चल रहा है तो ताज्जुब नहीं होना चाहिए। अब जो होगा, वह भी लोगों को पता है। गुना बस हादसे के बाद जिस तरह बसों की चैकिंग का अभियान चला था, वैसे ही इंदौर, भोपाल, दमोह, बालाघाट, हरदा आदि शहरों में पटाखा निर्माताओं, दुकानदारों के खिलाफ 'सख्ती पखवाड़ा' चलाकर लापरवाही की आग पर फोम डाल दिया जाएगा।

जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई तो होनी ही चाहिए, लेकिन दंडित किए जाने से पहले इन अधिकारियों से बंद कमरे में ही सही, सरकार पुचकार के यह भी तो पूछ ले कि हरदा के पूर्व विधायक कमल पटेल हों या बैतूल के सांसद दुर्गादास उईके, इन जनप्रतिनिधियों या इनके पठ्ठों ने वर्षों से संचालित हो रही अवैध पटाखा फैक्ट्री के सरगनाओं को संरक्षण क्यों दे रखा था? ढाई एकड़ में फैली फैक्ट्री के अलावा आसपास के पचास घरों में कुटीर उद्योग के रूप में हो रहे पटाखों के निर्माण से जिला प्रशासन क्यों मुंह फेरे रहा? पटाखा फैक्ट्री मालिकों के घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की सख्ती तो सरकार दिखाएगी ही, लेकिन इन्हें संरक्षण पूर्व सीएम के प्रिय जनप्रतिनिधियों के साथ ही इस सरकार में ठसक दिखाने वाले हरदा-बैतूल के जनप्रतिनिधियों से भी मिलता रहा है। सख्त फैसले लेकर खुद को पिछली सरकार से बेहतर दिखाने की कोशिश में लगे डॉ. मोहन यादव को पटाखा फैक्ट्री के संचालकों को संरक्षण देने वाले नेताओं-अधिकारियों के घरों पर भी बुलडोजर चलाने का साहस दिखाना चाहिए।

हरदा पटाखा फैक्ट्री को 2022 में कलेक्टर ऋषि गर्ग ने सील करने के आदेश जारी किए थे। सरकार को तत्कालीन संभागायुक्त मालसिंह भायड़िया से भी पूछना चाहिए कि ऐसी क्या मजबूरी रही कि इस आदेश के विरुद्ध स्टे क्यों दिया? विस्फोट पीड़ित लोगों के आंसू बयां कर रहे हैं कि शिकायत करते रहने के बाद भी अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। ऐसी क्या मजबूरी थी कि ट्रकों से बारुद आता रहा और पुलिस प्रशासन मुस्तैदी दिखाने की अपेक्षा मैत्री-भाव दर्शाता रहा। जिला प्रशासन की आंखों पर भी पोलिटिकल प्रेशर की पट्टी बंधी रही। हरदा हादसे का कारण बने प्रशासनिक अधिकारियों पर भी सरकार ऐसी कार्रवाई करे कि बाकी जिलों के अधिकारियों को भी समझ आ जाए कि बदले हुए निजाम में अब ढील-पोल नहीं चलेगी।

# बादाम से ज्यादा फायदेमंद है सुबह की पढ़ाई

जो बच्चे समय चक्र को आधार बनाकर पढ़ाई करते हैं, उनको फायदा मिलता है। सुबह के समय पढ़ाई से याद रखने की क्षमता बढ़ती है। साथ ही शरीर भी जल्दी नहीं थकता। ऐसा देखा गया है कि परीक्षा नजदीक आते ही अक्सर बच्चे देर रात तक पढ़ते हैं, लेकिन अच्छे अंक पाने के लिए यह आदत ठीक नहीं है। इसकी जगह सुबह की पढ़ाई बेहतर हो सकती है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि सुबह दिमाग में याददाश्त बेहतर करने वाले हार्मोन निकलते हैं। वहीं, रात के हार्मोन शरीर में सुस्ती लाते हैं। मनोवैज्ञानिकों बताते हैं कि शरीर जैविक समय चक्र के आधार पर काम करता है। हमारे शरीर में सूर्य ढलते ही मेलाटोनिन हार्मोन बनने शुरू हो जाते हैं। शरीर में पीनियल ग्लैंड से रिलीज होने वाले इन हार्मोन से नींद आने के साथ शरीर सुस्त होने लगता है। ऐसे में यदि देर रात तक जाग कर पढ़ाई करते हैं तो मेलाटोनिन हार्मोन बनने की क्रिया प्रभावित होती है। जो शरीर के लिए नुकसानदायक है। वहीं, प्रातः काल के दौरान शरीर में टेस्टोस्टोम हार्मोन बनने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। जो शरीर को तरोताजा करने के साथ नई स्फूर्ति देता है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के मनोरोग विभाग के प्रोफेसर डॉ. लोकेश शेखावत ने बताया कि जिन बच्चों ने समय चक्र को आधार बनाकर पढ़ाई की है, उनको फायदा मिला है। सुबह के समय पढ़ाई से याद रखने की क्षमता बढ़ती है। साथ ही शरीर भी जल्दी नहीं थकता। परीक्षा के समय बच्चे याददाश्त बढ़ाने के लिए बादाम, दवाइयां सहित अन्य खाद्य पदार्थ लेते हैं। यह सभी याददाश्त तो बढ़ाते हैं, लेकिन समय चक्र के आधार पर पढ़ाई करना इन सभी उपायों से ज्यादा कारगर है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के मनोरोग विभाग में हर साल करीब 75 हजार मरीज आते हैं। इनमें से करीब एक हजार मरीज परीक्षा के तनाव से जुड़े होते हैं। डॉ. शेखावत ने बताया कि अस्पताल आने वाले बच्चों से चर्चा के बाद पता चलता है कि वह परीक्षा में ज्यादा अंक लाने के लिए देर रात तक जागते हैं और सुबह देर से उठते हैं। रात का पढ़ा हुआ उन्हें ज्यादा याद नहीं रहता। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को रात को सोने और सुबह चार से पांच बजे उठकर पढ़ने की सलाह दी जाती है। ऐसे बच्चों में काफी सुधार देखा गया है।

**(विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्राचार्य शैक्षिक स्तंभकार मलोट)**

## दक्षिणी राज्यों का मोर्चा

इन राज्यों की साझा शिकायत है कि केंद्र सरकार संविधान में निहित वित्तीय संघवाद की भावना का उल्लंघन कर रही है। जीएसटी के तहत उन राज्यों से जो टैक्स वसूला जाता है, उसमें उन्हें उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया दल-बल के साथ नई दिल्ली पहुंचे हैं। गुरुवार को ऐसा ही मोर्चा लेकर केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन जंतर-मंतर पहुंचेंगे। इसके ठीक पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विजयन को पत्र लिख कर कहा है कि उनका राज्य ना सिर्फ इस लड़ाई में केरल के साथ है, बल्कि इस बारे में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका के साथ खुद को भी संबंधित करेगी। इस घटनाक्रम के सार को समेटते हुए कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा है कि फिलहाल दक्षिणी राज्य अलग-अलग लड़ रहे हैं, लेकिन देर-सबेर उनका मोर्चा बनना तय है। संकेत हैं कि तेलंगाना भी इस संघर्ष से जुड़ेगा। इन सभी राज्यों की साझा शिकायत है कि केंद्र सरकार संविधान में निहित वित्तीय संघवाद की भावना का उल्लंघन कर रही है। जीएसटी के तहत उन राज्यों से जो टैक्स वसूला जाता है, उसमें उन्हें उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है। स्टालिन का दावा है कि जीएसटी से पहले के समय की तुलना में तमिलनाडु को हर साल 20 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। इस महीने पेश अंतरिम बजट के प्रावधानों से दक्षिणी राज्यों में असंतोष और बढ़ा है। उन प्रावधानों टिप्पणी करते हुए पर कर्नाटक से कांग्रेस के एक सांसद ने तो यहां तक कह दिया कि अगर केंद्र का यही रवैया रहा, तो दक्षिणी राज्यो से अलग देश बनाने की मांग उठ सकती है। इस बीच उन राज्यों में 2026 में संभावित लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर भी आशंका गहरा गई है। उन्हें भय है कि अगर आबादी को इसका आधार बनाया गया, तो लोकसभा में उनके प्रतिनिधित्व का अनुपात घट जाएगा, जबकि उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों के प्रतिनिधित्व में भारी इजाफा होगा। उनका कहा है कि इस तरह उन्हें बेहतर विकास करने और जनसंख्या वृद्धि पर काबू पाने की सजा मिलेगी। कहा जा सकता है कि ये सारी गंभीर शिकायतें हैं। अगर केंद्र सरकार संवेदनशील है और बन रही परिस्थिति के संभावित परिणामों को समझती है, तो उसे तुरंत दक्षिणी सरकारों से संवाद कायम करते हुए उनकी शिकायतों को दूर करना चाहिए।

## शब्द सामर्थ्य -329

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 328 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

# पाकिस्तानः चुनाव का ढकोसला

यह बहुत साफ दिखा है कि सेना की प्राथमिकता पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सत्ता में लाना और बैकडोर से खुद शासन संभाले रखना है। आरोप है कि पूरा सरकारी तंत्र इस मकसद को हासिल करने के लिए सक्रिय रहा है।

पाकिस्तान में नेशनल और प्रांतीय असेंबलियों के चुनाव के लिए आज मतदान होगा। मगर यह चुनाव एक ढकोसला से ज्यादा कुछ नहीं है। देश में सत्ता के हर सूत्र पर अपना शिकंजा और मजबूती से कस चुकी सेना इन चुनावों के जरिए दुनिया को यह बताना चाहेगी कि पाकिस्तान में भी लोकतंत्र है। मगर इस बार उसके लिए नियंत्रित निर्वाचन के जरिए ऐसा भ्रम पैदा करना संभव नहीं रह गया है। जिस तरह से देश के सबसे लोकप्रिय नेता इमरान खान और उनकी पार्टी- पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को चुनाव मुकाबले से बाहर करने की कोशिश की गई है, उसने पहला वोट गिरने के पहले ही इन चुनावों की वैधता को लगभग समाप्त कर दिया है। तीन मामलों में ताबड़तोड़ न्यायिक फैसले सुना कर इमरान खान को लंबे समय तक जेल में रखने का इंतजाम कर लिया गया है।

इसमें एक मामले में तो खान और उनकी पत्नी बुशरा बेगम दोनों को इस आरोप में कैद सुना दी गई कि उनकी शादी इस्लामी मान्यता के मुताबिक उचित ढंग से नहीं हुई थी। पीटीआई से उसका चुनाव निशान पहले ही छीना जा चुका है। अलग-अलग चुनाव चिह्नों पर मैदान में उतरे पीटीआई के उम्मीदवारों पर मुकदमे ठोक कर या अन्य प्रशासनिक उपायों के जरिए उनके लिए मुकाबले में बने रहना कठिन बनाया गया। यह बहुत साफ दिखा है कि सेना की प्राथमिकता पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सत्ता में लाना और बैकडोर से शासन खुद संभाले रखना है। आरोप है कि पूरा सरकारी तंत्र इस मकसद को हासिल करने के लिए सक्रिय रहा है। लाजिमी है कि इन चुनावों या उनके नतीजों को लेकर ना पाकिस्तान में और ना ही विदेशों में कोई उत्सुकता है। बल्कि इन चुनावों को इस बात की मिसाल के रूप में देखा जा रहा है कि किस तरह चुनावों का इस्तेमाल लोकतंत्र और उसकी भावना के खिलाफ किया जा सकता है। मगर देर-सबेर यह सवाल उठेगा कि आखिर ऐसे निर्वाचनों की जरूरत ही क्या है? आखिर अभी से लोग यह समझने लगे हैं कि परदे के पीछे से सत्ता नियंत्रित करने वाले शासक वर्ग के लिए चुनाव एक हथकंडा बन गए हैं।

## सू- दोकू क्र.329

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.328 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोचसमझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में आ सकते हैं। घरके साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिए अच्छा रहेगा।

**वृषभ** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटिड कोई शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। जो लोग मीडिया के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी।

**मिथुन** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़ेबुजुर्ग की राय आपके लिए कारगार साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा।

**कर्क** — आज आपका दिन ठीकठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। ऑफिस में आपको कुछ लोगों से मदद भी मिलेगी। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों की आज शानदार जीत होगी। इस राशि वाले छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

**सिंह** — आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। माता-पिता आपको कोई बड़ा गिफ्ट देंगे इससे आप बड़े ही खुश नजर आयेंगे। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।

**कन्या** — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने फिरने में अधिक बीत सकता है। परिवार के साथ समय बितायेंगें। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक कोई बड़ा धन लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत होगा। पैसों की स्थिति में बड़े बदलाव होने की संभावना है। आपके काम से आपका जीवनसाथी प्रसन्न रहेगा।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। लम्बे समय से रूके हुए सरकारी काम आज पूरे हो जायेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि मिलेगी। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा।


**धनु** — आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा, और हर प्रोजेक्ट में हेल्प करेंगे। आज हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेंगी, जिनको आप अच्छी तरह से निभाएंगे। आपको अपनी मनपसंद कंपनी से इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा।

**मकर** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए कोई फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल हो जायेगा। आज आपका मन अध्यात्म की ओर रहेगा, आप धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करवा सकते है।

**कुंभ** — आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। आज आपको किसी भी तरह के वादविवाद से बचने की जरुरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा।

**मीन** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी। अपने व्यक्ति त्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही आज का दिन कम मेहनत में ज्यादा फल दिलाने वाला रहेगा।

# दिमागी चिप!



लगता है इसी सदी में जहां जलवायु परिवर्तन पृथ्वी को खाएगा वही विज्ञान नए मानव रचेगा! नई मानव रचना में खोजी, मौलिक और क्रिएटिव पश्चिमी बुद्धि इन दिनों गजब ऊंचाइयों पर है। प्रमाण गुजरे सप्ताह की तीन खबरें हैं। एक, अमेरिकी कारोबारी इलॉन मस्क ने बताया कि मनुष्य खोपड़ी में न्यूरालिंक चिप इम्प्लांट हुआ है और शुरुआती नतीजे आशाजनक हैं। दो, अमेरिका में पहली बार जीन थेरेपी तकनीक के इलाज से 11 साल के बहरे बच्चे ऐसाम ने जीवन में पहली बार अपने पिता की आवाज सुनी। तीन, जीन तकनीक से मानव प्राइमेट्स याकि बंदर का चीन में क्लोन बना है। यह नर रीसेस बंदर स्वस्थ और खुश है। वह दो साल का हो गया है। इन तीन खबरों के साथ दिन दुनी, रात चौगुनी की रफ्तार से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) मनुष्य दिमाग की जगह जैसे ले रही है और नई क्षमताओं के रोबो की जो दुनिया बन रही है, उसकी वास्तविकताओं में बूझें तो अनुमान लगेगा, सदी के बाकी सालों में इंसानों की दुनिया बदली हुई होगी। दिमाग में चिप भविष्य की संभावनाओं में मील का पत्थर है। कल्पना करें दिमाग की गतिविधि को प्रभावित करने (अंततः नियंत्रण करने वाला) वाले चिप पर। खोपड़ी के भीतर, खोपड़ी के काम में हस्तक्षेप करके उसके द्वारा शरीर को यह निर्देश देना कि यह फलां काम करो! चिप लकवे के मारे व्यक्ति के शरीर में हलचल बनवा देगा। उसे खड़ा कर देगा। इसके लिए दुनिया के नंबर एक उद्यमी इलॉन मस्क ने 2016 में न्यूरालिंक नाम की एक स्टार्टअप कंपनी स्थापित की थी। अब नौ साल बाद मनुष्य की खोपड़ी में उसका चिप लग गया है। दिमागी गतिविधियों, उसके कामकाज की अत्यधिक बारीक, नैनो सरंचना में शरीर के काम, क्रिया विशेष के लिंक को पकड़ कर खोपड़ी के भीतर वह चिप लगा है जो अपने निर्देशों से न्यूरोलॉजिकल विकारों जैसे पक्षाघात से पीड़ित व्यक्तियों के जीवन में गतिविधि ला देगा। पहले इस चिप का परीक्षण बंदरों में हुआ था। इलॉन मस्क के अनुसार न्यूरालिंक चिप प्रत्यारोपण करने से किसी भी बंदर की मौत नहीं हुई। उसके बाद कंपनी को पिछले साल अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्?ट्रेशन, एफडीए ने मनुष्य दिमाग में चिप प्रत्यारोपण और परीक्षण की मंजूरी दी थी। और अब जैविक मनुष्य दिमाग में चिप के सफल परीक्षण की खबर है। न्यूरालिंक कंपनी के अनुसार उसके एन1 चिप ऐसे पदार्थ से बने खोल में होंगे, जिसे शरीर के अंदर सुरक्षित रूप से लगाया जा सकता है। चिप्स शरीर के अंदर के हालात से कहीं ज्यादा खराब और विपरीत हालात में भी काम कर सकेंगे। एन1 चिप में एक छोटी सी बैटरी लगी होती है, जिसे बिना किसी तार के, बाहर से ही चार्ज किया जा सकेगा। इसका चार्जर बहुत छोटा और कहीं से भी काम करने में समर्थ। सोचें, दिमाग में चिप और वह बाहर से (मतलब वायरलेस तरीके से) अपने आप चार्जर से चार्ज होता हुआ। जाहिर है बैटरी कब चार्ज होनी है इसका मैसेज टेलीपैथी (वायरलेस तकनीक) से होता हुआ। तभी कंपनी ने बताया है कि पहले टेस्ट का मकसद प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांटेशन) (एन1) और सर्जिकल रोबोट (आर1) की सुरक्षा का मूल्यांकन है। साथ ही लकवाग्रस्त व्यक्ति को अपनी थिंकिंग से बाहरी उपकरणों को कंट्रोल करने में समर्थ करने के लिए टेलीपैथी वायरलेस ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) की प्रारंभिक कार्यक्षमता का आकलन करना भी है। मतलब यह हुआ कि इस टेलीपैथी तकनीक में व्यक्ति के दिमाग के सोचते ही उसका फोन या कंप्यूटर से संवाद याकि कंट्रोल बनेगा। सो, एक तरफ दिमाग में निर्देशों याकि प्रोग्रामिंग से भरा चिप। उससे फिर विकंलागों, लाचार, लकवाग्रस्त लोगों के शरीर अंग काम करते हुए। और चिप शरीर बाहर के फोन, कंप्यूटर से बात करता हुआ, उन्हें कंट्रोल करता हुआ तो बैटरी वायरलेस तरीके से चार्ज होते हुए। एक और अद्भुत बात, कंपनी ने सिलाई मशीन जैसा उपकरण बनाया है जो दिमाग के भीतर बहुत पतले धागे को प्रत्यारोपित करने में सक्षम है। और ये धागे इलेक्ट्रोड के साथ एक कस्टम-डिजाइन किए गए चिप से जुड़ते हैं, जो न्यूरॉन्स के समूहों से डाटा पढ़ते हैं। तभी वह वक्त दूर नहीं है जब एक तरफ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में तेजी से होते विकास से रोबो का मशीनी दिमाग आम आदमियों की औसत बुद्धि से अधिक कुशाग्र होगा वहीं इंसान की खोपड़ी का जैविक दिमाग चिपों से भरा या एक ही ऐसा चिप लिए हुए होगा जो शरीर और बुद्धि दोनों को अपने निर्देशों से चलाएगा। फिर तीसरी हकीकत चीन द्वारा प्राइमेट्स की क्लोनिंग याकि जैविक बंदरों का सफल निर्माण है। क्लोनिंग पर चीन लगातार शोध करता हुआ है। सन् 2018 में शंघाई चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज के न्यूरोसाइंस संस्थान ने बताया था कि नवंबर 2017 में दो क्लोन मकॉक बंदर 'जोंग जोंग' और 'ख्वा ख्वा' का जन्म हुआ। अब उसने रीसेस बंदर के क्लोन बनने की सूचना दी है। बताया है कि यह नर बंदर स्वस्थ और खुश है। इसकी उम्र दो साल है। इसका अर्थ है कि आने वाले वर्षों में बंदरों को बनाते-बनाते इंसानी क्लोन बनने की सूचना आएगी। तब यह भी संभव है कि चीन अपने घमंड, अपनी ताकत में जीन थेरेपी, एआई बुद्धि के दिमागी चिपों से क्लोन मनुष्यों की फैक्टरियां ही बना डाले। फैक्टरियों में कामगारी या लड़ाकू सैनिकों जैसे खास काम के लिए मनुष्य (रोबो भी) पैदा होने लगें। यों अभी मनुष्य की सटीक आनुवांशिक नकल बनाना आसान नहीं है। पर जीन थेरेपी-तकनीक भी उतनी ही तेजी से विकसित हो रही है जैसे एआई, चिप, स्पेस और जैविक बॉयो टेक्नोलोजी में विकास छलांग मारते हुए है। जीन थेरेपी से अमेरिका में अभी 11 साल के बहरे बच्चे का सुनना संभव हुआ तो आगे मनुष्य के देखने, सुनने, दिल और पाचन तंत्र आदि के पहलू और इलाज में जीन तकनीक का उपयोग निश्चित होना है। उस नाते बहरेपन को खत्म करने की ताजा सफलता दुनिया भर के उन मरीजों के लिए खुशखबरी है जो जेनेटिक म्यूटेशंस के कारण सुनने की क्षमता खोते हैं। नई सफलता से भविष्य में 150 से ज्यादा उन जीन-असामान्यताओं को ठीक करने का रास्ता खुलेगा, जिनके कारण बच्चों में बहरापन होता है। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' अखबार ने इस खबर का ब्योरा देते हुए बताया है कि बच्चा सुन लेगा लेकिन शायद ही कभी बोल पाए क्योंकि मस्तिष्क का जो हिस्सा बोलने की क्षमता देता है, वह पांच साल की उम्र में ही बंद हो जाता है। पर क्या बोलने की क्षमता की बंद तंत्रिकाओं को भविष्य में मष्तिष्क में चिप के जरिए दुरूस्त नहीं किया जा सकेगा? दिमाग से शरीर के जो हिस्से सुन्न, लाचार, बंद हैं उन्हें यदि चिप से दुरूस्त किया जा सकता है तो तकनीक न केवल नकली बुद्धि, नकली शरीर, नकली दिमाग बना देगी, बल्कि मुमकिन है मनुष्यों की कौम, सभ्यताओं की सोच और संरचनाओं को भी दिमागी चिप या जीन थेरेपी से बदलने लगे। और इसका फायदा तानाशाह-शैतान शासक उठाएंगे। वे लोगों को पालतू, अंधभक्त और पराधीन, गुलाम बनाने में विज्ञान-तकनीक के नए विकास भरपूर दुरूपयोग करेंगे। दुर्भाग्य जो यह सब बुनियादी तौर पर अमेरिका व चंद पश्चिमी देशों के खोजियों, पुरुषार्थियों की उन टोलियों से होता हुआ है जो मूलत होमो सेपियन की खोजी प्रवृत्ति, सत्यशोधन के सनातनी आनुवांशिक बुनावट लिए वे स्वतंत्र बुद्धिमना हंस हैं, जिनकी चरैवति-चरैवति की अनंत उड़ान से ब्रह्माण्ड भी भेदा जाने लगा है। विषयांतर हो गया है। फिलहाल सोचे, अमेरिका और उसके नंबर एक उद्यमी, टेस्ला कंपनी के मालिक इलॉन मस्क पर। कैसा अद्भुत उद्यमी है। मस्क ने बैटरी संचालित, बिना ड्राइवर के वाहन बना दुनिया में झंडा गाड़ा। दुनिया का नंबर एक अरबपति बना तब भी वह अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अंतरिक्ष उड़ान के स्पेसक्राफ्ट की रिसर्च-निर्माण में पैसा उढ़ेलते हुए है तो दिमागी चिप और एआई आदि में भी शोध और निर्माण का धुनी निवेशक है। वैसे ध्यान रहे दिमागी चिप, जीन थेरेपी, एआई और स्पेस आदि में अमेरिकी उद्यमियों के अरबों डालर के निजी निवेश हैं। जितनी विशाल कंपनी उनकी उतनी ही विशाल फंडिंग। ठीक विपरीत जरा भारत के अडानी-अंबानियों की खरबपति जमात पर गौर करें।

# पीएसजी ने लिले को 3-1 से हराया, 11 अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर किया कब्जा



**पेरिस।** पेरिस सेंट-जर्मेन ने लीग 1 की दो शीर्ष टीमों के बीच हुए मुकाबले में एलओएससी लिले पर 3-1 से जीत हासिल की और तालिका में शीर्ष पर 11 अंक की बढ़त बना ली है।

शनिवार रात की जीत के साथ पीएसजी ने सभी प्रतियोगिताओं में अपना अजेय रहने का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ा दिया है।

दोनों टीमों ने मैच की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। लिले ने छठे मिनट में बढ़त बना ली।

लिले की 1-0 की बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रही, क्योंकि सेंट-जर्मेन ने कुछ मिनट बाद ही गोल दागा और स्कोर1-1 से बराबर हो गया।

बराबरी करने के बाद पीएसजी ने जल्द ही इसे 2-1 की बढ़त में पलट दिया। फिर, दूसरे हाफ में पीएसजी ने भी आक्रामक अंदाज अपनाये रखा।

दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट के रूप में आए ब्रैडली बारकोला ने रैंडल कोलो मुआनी के साथ मिलकर स्कोर 3-1 कर दिया और पीएसजी को जीत दिला दी।

जहां तक लिले की बात है, तो वे इंतजार करेंगे कि यूईएफए कॉन्फ्रेंस लीग नॉकआउट राउंड प्ले-ऑफ में क्या होता है, यह देखने के लिए कि ग्रुप ए में पहले स्थान पर रहने के बाद उनका सामना किससे होता है।

# ब्राजील के पूर्व स्ट्राइकर डिएगो ने लिया संन्यास

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय स्ट्राइकर डिएगो सूजा ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की है, जिसके साथ उन्होंने 20 साल से अधिक लंबे अपने करियर का अंत कर दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल दिसंबर में स्पोर्ट रेसिफ़ से अलग होने के बाद 38 वर्षीय खिलाड़ी किसी भी क्लब से जुड़े हुए नहीं थे।

सूजा ने बताया, अब से मैं केवल टेलीविजन पर या स्टैंड में फुटबॉल का अनुसरण करूंगा।

मैं अपने बच्चों और अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहता हूं। मेरा करियर अच्छा रहा और मैंने खेल में जो कुछ भी हासिल किया है उसके लिए मैं आभारी हूं।

सूजा ने 2003 में फ्लुमिनेंस में अपना करियर शुरू किया और बेनफिका, फ्लेमेंगो और मेटलिस्ट खार्किव सहित अन्य क्लबों में भी काम किया। उन्हें ब्राज़ील की राष्ट्रीय टीम के लिए सात मैच खेले हैं और दो गोल किए।

जब उनसे उनके साथ खेले सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों का नाम पूछा गया, तो उन्होंने रोमारियो, नेमार और रोनाल्डिन्हो का नाम लिया।

# निखत, अमित चमके, 6 भारतीय फाइनल में पहुंचे, आकाश, नवीन ने कांस्य पदक जीता



**सोफिया (बुल्गारिया)।** दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघल ने शनिवार को बुल्गारिया के सोफिया में 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने चार अन्य साथियों के साथ अरुंधति चौधरी (66 किग्रा), बरुण सिंह ने फाइनल में प्रवेश किया। आकाश (71 किग्रा) और नवीन कुमार (92 किग्रा) अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले हार गए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दिन के पहले सेमीफाइनल में निकहत जरीन (50 किग्रा) एक्शन में थीं। बुल्गारियाई मुक्केबाज ज़्लातिस्लावा चुकानोवा के पीछे भीड़ के समर्थन के साथ, निखत ने सावधानी से मुकाबला शुरू किया, लय में आने के लिए कुछ समय लिया, लेकिन गेम पर पकड़ नहीं खोई और राउंड 3-2 से जीत लिया। निखत ने दूसरे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने बल्गेरियाई प्रतिद्वंद्वी को आक्रमण करने का कोई मौका नहीं दिया और कुछ सटीक प्रहार किए। नखत ने तीसरे राउंड में अपना दबदबा जारी रखा और संयम बनाए रखा, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं मिला और उन्होंने मैच को 5-0 से अपने नाम कर लिया। नीलखत अब रविवार को स्वर्ण पदक मैच में उज्बेकिस्तान की सबीना बोबोकुलोवा से भिड़ने के लिए तैयार हैं। भारत के अमित पंघल (51 किग्रा) के लिए यह आसान दिन था, उन्होंने अपना लगातार तीसरा मैच 5-0 से जीता। अमित ने तुर्की के गुमुस समेट का सामना किया और शुरू से ही अपने क्षेत्र में थे। अमित ने जरूरत पड़ने पर आक्रमण करने के लिए अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और अन्यथा प्रतिद्वंद्वी के क्षेत्र से दूर जाने के लिए अपने फुटवर्क का इस्तेमाल किया।

भारतीय मुक्केबाज को ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। उन्होंने फाइनल में प्रवेश करने के लिए आसान जीत हासिल करने के लिए पहले राउंड से ही लय बरकरार रखी। अमित रविवार को मौजूदा विश?व चैंपियन कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से भिड़ेंगे। दूसरी ओर, अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) ने अपनी प्रतिद्वंद्वी स्लोवाकिया की जेसिका ट्राइबेवोवा को आसानी से हराकर 5-0 से जीत हासिल की। भारतीय मुक्केबाज ने अपने स्मार्ट मूवमेंट और आक्रामक रुख का इस्तेमाल करते हुए पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और प्रत्येक राउंड को 5-0 के स्कोर से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। अरुंधति को रविवार को मौजूदा विश?व और एशियाई चैंपियन चीन की यांग लियू से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। बरुण सिंह शगोलशेम (48 किग्रा) ने अल्जीरिया के खेनौसी कामेल पर 5-0 की जीत के साथ भारत का दबदबा जारी रखा। क्वार्टर फाइनल में बाई मिलने के बाद प्रतियोगिता का अपना पहला गेम खेलते हुए



बरुन घातक दिखे और उन्होंने तेज चाल के साथ अपनी तकनीकी क्षमता का पूरा उपयोग किया। सचिन (57 किग्रा) यूक्रेन के अब्दुरईमोव एइडर के खिलाफ पहले सत्र में आखिरी मुक्केबाज थे और उन्होंने निराश नहीं किया। भारतीय मुक्केबाज को मैच में अपनी उपलब्धि हासिल करने में कुछ समय लगा। यूक्रेनी मुक्केबाज ने आक्रामक भूमिका निभाई। सचिन पहला राउंड 2-3 के नजदीकी स्कोर से हार गए।

## सनराइजर्स ने लगातार दूसरी बार जीता एसए20 का खिताब

**केप टाउन।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने शनिवार को न्यूलैंड्स में डरबन सुपर जाइंट्स पर 89 रनों की जीत के बाद लगातार दूसरी बार एसए20 चैंपियनशिप खिताब पर अपना कब्जा जमाया है। ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद सनराइजर्स ने फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन किया। शनिवार रात 205 रन का टारगेट चेज कर रही डरबन सुपर जायंट्स 17 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले, सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 3 विकेट पर 204 रन बनाए। सनराइज के लिए टॉम एबेल (55) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 56) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं, जबकि जॉर्डन हरमन और कप्तान एडेन मार्कराम ने 42-42 रन का योगदान दिया। सनराइजर्स की गेंदबाजी इकाई पूरे सत्र में सबसे मजबूत रही है और उनके तेज गेंदबाज ने फाइनल मुकाबले में भी टीम के लिए दमदार प्रदर्शन किया। सनराइजर्स के लिए गेंदबाजी में मार्को यानसेन को 5 विकेट मिले। डैनियल वॉराल और ऑटनल बार्थमैन को 2-2 सफलताएं मिली।

# बेन शेल्टन को हराकर डलास ओपन के फाइनल में पहुंचे टॉमी पॉल



**डलास (अमेरिका)।** अमेरिका के टॉमी पॉल हमवतन बेन शेल्टन को हराकर डलास ओपन के फाइनल में पहुंच गए। दूसरे वरीय ने आठ ब्रेक प्वाइंट अर्जित किए और उनमें से तीन को भुनाकर बड़े सर्विंग वाले लेफ्टी को 79 मिनट में 6-2, 6-4 से हरा दिया।

एटीपी रैंकिंग में नंबर 15 और नंबर 16 खिलाड़ियों ने पिछले साल महत्वपूर्ण एटीपी हेड-टू-हेड मैचों में संघर्ष किया है, जिसमें पिछले साल का ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल और यूएस ओपन का चौथा दौर शामिल है। शेल्टन द्वारा अपनी पिछली दो बैठकें जीतने के बाद, पॉल ने शनिवार रात को अपना बदला लिया।

पॉल ने मैच के पहले गेम में शेल्टन की सर्विस को धमकी देकर माहौल तैयार कर दिया। 26 वर्षीय खिलाड़ी की गेंद तुरंत नहीं टूटी, लेकिन उन्होंने लेफ्टी की गेंद को खतरे में डालने की अपनी क्षमता दिखाई।

पॉल ने ऑल-अमेरिकन क्लैश के बाद कहा, एच वास्तव में एक कठिन खिलाड़ी है। जाहिर तौर पर उसकी सर्विस अविश्वसनीय है। हमने खेला है, इसलिए गेंद को थोड़ा और मेरे स्ट्राइक जोन में रखा।

लेकिन मुझे पता था कि मुझे कोर्ट में बहुत सारी गेंदें खेलनी होंगी। यही कुंजी है, आप उसे कुछ भी नहीं दे सकते अन्यथा वह फायदा उठाएगा। मुझे लगा कि मैंने वास्तव में अच्छा काम किया है, लेकिन अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। जैसा कि मैं चाहता हूं, लेकिन किसी तरह उन सर्विस गेम्स में से बहुत सारे को खत्म कर दिया, इसलिए यह बहुत बड़ा था।

एटीपी आंकड़ों के अनुसार, 2021 स्टॉकहोम चैंपियन पॉल ने अपने सभी तीन ब्रेक पॉइंट बचाए और अपने रिटर्न पॉइंट का 44 प्रतिशत जीता।

पॉल ट्रॉफी के लिए रविवार को अपने देश के मार्कोस गिरोन से खेलेंगे। गिरोन ने चौथे वरीय फॉर्म में चल रहे लेफ्टी एड्रियन मन्नारिनो को 6-1, 6-3 से हराकर अपने दूसरे एटीपी टूर फाइनल में प्रवेश किया।

गुरुवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो को सीधे सेटों में हराने के बाद यह उनका लगातार दूसरा उलटफेर था।

# बर्नले पर 3-1 की जीत के साथ शीर्ष पर लिवरपूल

**लिवरपूल।** डियोगो जोटा, लुइस डियाज़ और डार्विन नुनेज के गोलों की बदौलत बर्नले पर 3-1 की जीत के साथ लिवरपूल ने तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी जगह बना ली है।

दिन की शुरुआत मैनचेस्टर सिटी की एवर्टन के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ हुई। साथ ही इसके बाद लिवरपूल के पास मौका था एक जीत के साथ फिर से तालिका में नंबर-1 बनने का।

जोटा के 31वें मिनट के ओपनर ने शनिवार की रात लिवरपूल को मैच में आगे किया। हालांकि, ओशिआ ने पहले हॉफ से ठीक पहले गोल कर बर्नले को बराबरी पर रखा।

हालांकि, दूसरे हाफ के शुरुआती चरण में डियाज़ ने टीम को बढ़त दिलाई और नुनेज़ ने जल्द ही जीत भी पक्की कर ली।



धीमी शुरुआत के बाद लिवरपूल ने दबाव बनाना शुरू कर दिया। बर्नले के पास जल्दी-जल्दी स्कोर बराबर करने के तीन बेहतरीन मौके थे, लेकिन वो ऐसा नहीं कर पाए।

लिवरपूल के लिए योगो जोटा (31), लुइस डियाज़ (52) और डार्विन नुनेज (79) ने गोल किये , जबकि बर्नले के लिए एकमात्र गोल डारा ओसिहा (45) ने किया। एनफील्ड में लगातार तीसरी लीग जीत से लिवरपूल के 54 अंक हो गए हैं, जो दूसरे स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी से दो अधिक हैं, जबकि बर्नले 13 अंकों के साथ 19वें स्थान पर है। वहीं ल्यूटन टाउन 17वें स्थान से सात अंक पीछे है।

## 3.125 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ माइक्रोसॉफ्ट बनी सबसे मूल्यवान कंपनी

**न्यूयॉर्क।** माइक्रोसॉफ्ट ने सप्ताह का अंत 3.125 ट्रिलियन डॉलर के बाजार पूंजीकरण के साथ किया, जो अब तक किसी भी कंपनी के लिए सबसे अधिक है। कंपनी का मार्केट मूल्य एप्पल द्वारा निर्धारित पिछले रिकॉर्ड में सबसे ऊपर है, जो जुलाई में 3.09 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया था। एप्पल 2.916 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ समाप्त हुआ।

माइक्रोसॉफ्ट 3.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक मार्केट कैप (बाजार पूंजीकरण) के साथ बंद होने वाली पहली अमेरिकी कंपनी भी है। माइक्रोसॉफ्ट का स्टॉक सप्ताह के अंत में 420.55 डॉलर पर बंद हुआ। पिछले 12 महीनों में, इसके शेयरों में 60 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जिसका मुख्य कारण इसके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सॉफ्टवेयर को लेकर उत्साह है।

कंपनी ने पिछले महीने वॉल स्ट्रीट के पूर्वानुमानों से पहले तिमाही राजस्व और लाभ की सूचना दी, और प्रबंधन ने कंपनी के एआई लाभ पर ध्यान दिया। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने उस समय एक बयान में कहा था, हम एआई के बारे में बात करने से लेकर एआई को बड़े पैमाने पर लागू करने की ओर बढ़ गए हैं।

# एक्स से ही मैसेज और ऑडियो-वीडियो कॉलिंग करेंगे एलन मस्क , फोन नंबर कर देंगे बंद; जानें वजह

**नई दिल्ली।** टेक अरबपति एलन मस्क ने एक्स के ऑडियो/वीडियो कॉलिंग फीचर को बढ़ावा देते हुए कहा कि वह अपना फोन नंबर बंद कर देंगे, ऑडियो और वीडियो कॉल के लिए केवल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का उपयोग करेंगे। मस्क ने एक्स पर लिखा, कुछ महीनों में, मैं अपना फोन नंबर बंद कर दूंगा और टेक्स्ट और ऑडियो/वीडियो कॉल के लिए एक्स का उपयोग करूंगा। मस्क के इस कदम को एक्स की ऑडियो और वीडियो कॉलिंग क्षमताओं को बढ़ावा देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इन सुविधाओं को पिछले साल अक्टूबर में जारी किया गया था, तब से मस्क सक्रिय रूप से एक्स को एक सर्वव्यापी ऐप बनाने पर जोर दे रहे हैं।



इस फीचर को पिछले साल अक्टूबर में लॉन्च किया गया था। जिसे चुनिंदा उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराया गया था। पिछले महीने, माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए ऐप से सीधे ऑडियो और वीडियो कॉल करने की सुविधा शुरू की थी। मस्क की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कई यूजर्स ने अपने विचार साझा किए। एक यूजर ने लिखा, 2027 में एलन मस्क ङ्क मैं अब अपने फोन का उपयोग टेक्स्ट या ऑडियो विजुअल के लिए नहीं कर रहा हूं। मैं अपने ब्रेनवेव्स और न्यूरल फ्लॉन्क लिंक 47.2 का उपयोग कर रहा हूं।

एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा, क्या इसे एन्क्रिप्ट किया जाएगा या अल्फाबेट एजेंसियां सुन रही होंगी। एक अन्य उपयोगकर्ता ने उल्लेख किया, आपको बैंक लेनदेन के लिए ओटीपी कहां से प्राप्त होंगे? इस बीच, डाउनलोड के मामले में एक्स ने एप्पल के ऐप स्टोर चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। मस्क ने पोस्ट किया, एक्स अब किसी भी तरह का सबसे ज्यादा डाउनलोड किया जाने वाला ऐप है।

# गूगल वन के हुए 100 मिलियन सब्सक्राइबर्स : सुंदर पिचाई

**नई दिल्ली।** गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने घोषणा की कि कंपनी गूगल वन सर्विस के 100 मिलियन सब्सक्राइबर हो चुके हैं, जो जीमेल, ड्राइव और फोटो जैसी फ्री सर्विस के लिए अतिरिक्त स्टोरेज के साथ-साथ ज्यादा फीचर्स तक पहुंच की अनुमति देता है। गूगल वन प्रीमियम प्लान 2 टेराबाइट्स स्टोरेज और वीपीएन और डार्क वेब मॉनिटरिंग जैसे अन्य फीचर्स के साथ आता है।

कंपनी का नया एआई प्रीमियम प्लान यूजर्स को जेमिनी एआई तक पहुंच प्रदान करता है, और जल्द ही जीमेल और डॉक्स के अंदर जेनरेटिव एआई फीचर्स प्रदान करेगा। हमने हाल ही में 100 मिलियन गूगल वन सब्सक्राइबर्स को पार कर लिया है! हम अपने नए एआई प्रीमियम प्लान के साथ उस गति को आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रहे हैं, जिसमें जेमिनी एडवांस्ड, प्लस जेमिनी इन जीमेल, डॉक्स प्लस जैसे एआई फीचर्स की पेशकश की जाएगी।

गूगल वन अधिक स्टोरेज प्रदान करता है, गूगल प्रोडक्ट्स में एक्सक्लूसिव फीचर्स को अनलॉक करता है, और कंपनी को अपने सबसे ज्यादा एक्टिव यूजर्स के साथ मजबूत रिलेशनशिप बनाने की अनुमति देता है। गूगल वन प्लान 1.99 प्रति माह डॉलर से शुरू होता है, जो पांच लोगों के साथ साझा करने योग्य 100 जीबी स्टोरेज और यूएस में इसकी वीपीएन सर्विस तक पहुंच प्रदान करता है।

लोग नए गूगल वन एआई प्रीमियम प्लान का सब्सक्रिप्शन लेकर जेमिनी एडवांस्ड का उपयोग शुरू कर सकते हैं। 'जेमिनी अल्ट्रा' एआई मॉडल एक पेड एक्सपीरियंस होगा, जो नए 20 डॉलर गूगल वन टियर (दो महीने के फ्री ट्रायल के साथ) के जरिए उपलब्ध होगा, जिसमें 2 टेराबाइट्स स्टोरेज और डॉक्स, स्लाइड्स, शीट्स और मीट जैसे गूगल वर्कस्पेस ऐप्स में जेमिनी तक पहुंच भी शामिल है।

# डिजीटल फ्रॉड पर सरकार का बड़ा एक्शन : 3 लाख से ज्यादा सिम हुए बंद, 1.4 लाख मोबाइल नंबर ब्लॉक

**नई दिल्ली।** टेक्नोलॉजी की दुनिया में तेजी से बढ़ते हुए ऑनलाइन फ्रॉड और स्कैम पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार लगातार तेजी से कदम उठा रही है। इस बीच केंद्र सरकार ने फाइनेंशियल फ्रॉड को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने लोगों की सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए 1.4 लाख मोबाइल नंबर को ब्लॉक कर दिया है। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक जिन नंबरों को ब्लॉक किया गया वे वित्तीय धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए थे।



आपको बता दें कि हाल ही में वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी की अध्यक्षता में वित्तीय सेवा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा पर एक बैठक की गई। बैठक में इसमें एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस एकीकरण के जरिए नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी सूचना और प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) मंच पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों को शामिल करने समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

आपको बता दें कि डिजिटल दुनिया के तेजी से बढ़ते प्रसार के साथ साथ ऑनलाइन फ्रॉड के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। हैकर्स और स्कैमर्स लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए नए नए तरीकों को अपना रहे हैं। इसी क्रम में अब सरकार भी सख्त हो गई है। बैठक में बताया गया कि सीएफसीएफआरएमएस मंच को राष्ट्रीय साइबर अपराध सूचना पोर्टल (एनसीआरपी) के साथ जोड़ा जाएगा। इसका एक बड़ा फायदा यह होगा कि बैंकों, पुलिस और वित्तीय संस्थाओं के बीच तालमेल कायम रहेगा। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई है गलत इंटेंशन से भेजने वाले करीब 19,776 नंबरों को ब्लैक लिस्ट में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं फ्रॉड को लेकर 500 से अधिक गिरफ्तारियां भी कई गई हैं।

आजकल स्कैमर्स कॉल के जरिए डिजिटल फ्रॉड को बढ़ावा दे रहे हैं। इसे रोकने के लिए सरकार की तरफ से फ्रॉड और स्कैम में शामिल रहने वाले करीब 3.08 लाख सिम को भी ब्लॉक किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक करीब 50 हजार ढ्ढरूश्वढ्ढ नंबर, 592 फर्जी लिंग और 2194 ऋरू को भी ब्लॉक किया गया है।

## 2024 में भारत में डिजिटल टेक्नोलॉजी पर खर्च हो जाएगा दोगुना

**नई दिल्ली।** एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत में संगठनों द्वारा डिजिटल प्रौद्योगिकी पर खर्च 2024 में अर्थव्यवस्था के दो गुना बढ़ने की संभावना है।

इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि चूंकि कंपनियां डिजिटल बिजनेस मॉडल को बढ़ाने और डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करने के लिए बाजार की मांगों से मजबूर हैं, इसलिए भारतीय कंपनियों द्वारा डिजिटल तकनीकी खर्च बढ़ना तय है। आईडीसी इंडिया की वरिष्ठ शोध प्रबंधक नेहा गुप्ता ने कहा,प्लेटफ़ॉर्म-संचालित परिवर्तनों को अपनाने और एआई का उपयोग व्यवसायों को नवाचार की एक नई लहर की ओर ले जाएगा। स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण सीआईओ, डिजिटल क्षेत्र में सफलता के मेट्रिक्स को फिर से परिभाषित करेंगे। आईडीसी को उम्मीद है कि पूर्वानुमानित एआई, मशीन विजन और जेनएआई क्षमताओं का संयोजन और डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से ऑन-डिमांड सेवाओं का प्रावधान एक नया आयाम लेगा।

# बदबू ने मुंबई जाने वाली इंडिगो फ्लाइट को दिल्ली लौटने पर किया मजबूर, जानें पूरा मामला

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइंस की नई दिल्ली-मुंबई उड़ान तड़के दिल्ली हवाई अड्डे पर लौट आई, क्योंकि कुछ यात्रियों ने विमान के अंदर बदबू की शिकायत की। विमान में सवार कुछ यात्रियों ने कहा कि बदबू के कारण उनका दम घुट रहा है। उन्होंने चालक दल से इसका कारण जानने की कोशिश की, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं दिया गया और फोटो या वीडियो न क्लिक करने के लिए कहा गया। लेकिन कुछ यात्रियों ने एक छोटा वीडियो शूट कर ठाणे के कार्यकर्ता डॉ. बीनू वर्गीज को भेज दिया, जिन्होंने इसे कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिया। यात्रियों ने डॉ. वर्गीज को सूचित किया कि आज सुबह उड़ान के दौरान उन्हें लगभग 30 मिनट तक खराब वायु गुणवत्ता का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ा। एक बयान में, इंडिगो के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि उड़ान (6ई449) 'क्षणिक दुर्गंध' के कारण दिल्ली लौट आई। मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए एहतियात के तौर पर विमान वापस दिल्ली उतरा और मुंबई जाने वाले यात्रियों के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई। कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर भी समस्या का उल्लेख किया।

# इंस्टाग्राम पर यूजर्स को मिलेगा एआई फीचर, जानें कैसे करेगा काम

**नई दिल्ली।** मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टाग्राम कथित तौर पर यूजर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से मैजेस लिखने की अनुमति देने की कार्यक्षमता पर काम कर रहा है। ऐप शोधकर्ता एलेसेंड्रो पलुजी ने एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है जो किसी अन्य यूजर्स को मैसेज भेजते समय 'राइट विद एआई' का ऑप्शन दिखाता है। पलुजी ने एक्स पर लिखा, इंस्टाग्राम एआई के साथ मैसेज लिखने की क्षमता पर काम कर रहा है।




उन्होंने कहा, यह संभवतः आपके मैसेज को अलग-अलग स्टाइल में फ्रेज करेगा, जैसे कि गूगल का मैजिक कंपोज कैसे काम करता है। मेटा धीरे-धीरे जेनरेटिव एआई फीचर्स की एक नई श्रेणी के साथ नए एक्सपीरियंस पेश कर रहा है जो लोगों के एक-दूसरे से जुड़ने के तरीकों का विस्तार और मजबूती प्रदान करता है। मेटा एआई एक असिस्टेंट है जिससे आप '1-ऑन-1' चैट कर सकते हैं या ग्रुप चैट में मैसेज भेज सकते हैं।

यह पिंच में रिकमेंडेशन्स दे सकता है, जब आपको मजेदार जोक्स की ज़रूरत हो तो आपको हंसा सकता है, ग्रुप चैट में डिबेट सुलझा सकता है और आम तौर पर सवालों के जवाब देने या आपको कुछ नया सिखाने के लिए मौजूद रह सकता है। कंपनी के अनुसार, हम अभी केवल अमेरिका में एआई शुरू कर रहे हैं। मेटा एआई के साथ बातचीत करने के लिए, एक नया मैसेज शुरू करें और हमारे मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर 'क्रिएट एन एआई चैट' सलेक्ट, या ग्रुप चैट में 'मेटा एआई' टाइप करें।

मेटा एआई असिस्टेंट मिस्टर बीस्ट और चार्ली डी'मेलियो जैसी मशहूर हस्तियों पर आधारित दर्जनों एआई कैरेक्टर के साथ व्हाट्सएप, मैसेंजर और इंस्टाग्राम पर आ रहा है। कंपनी के अनुसार, मेटा एआई में रील्स आपको वीडियो रिव्यूज के आधार पर घूमने के स्थानों के बारे में निर्णय लेने, ट्यूटोरियल वीडियो के साथ एक नया डांस सीखने या उस प्रोजेक्ट के लिए कुछ प्रेरणा देने में मदद कर सकती है जिस पर आप काम कर रहे हैं।

# सांसद सांस्कृतिक महोत्सव आज, 13 फरवरी तक चलेगा

## सांसद डॉ.के.पी.यादव कराएंगे लोकसभा क्षेत्र में राम की आराधना

**शिवपुरी।** अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद संपूर्ण देश में हर्षोल्लास का माहौल है। देश भर में धार्मिक आयोजनों के दौर का क्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में सांसद डॉ.केपी यादव ने पहले अशोक नगर में शोभायात्रा आयोजित की। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र के मठ-मंदिरों के दर्शन व सेवा कार्य कार्यकर्ताओं के साथ सांसद डॉ.के.पी.यादव ने संपन्न किया। इसके पश्चात अब 11 फरवरी से 13 फरवरी तक सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन सांसद डॉ.के.पी.यादव द्वारा क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत त्रिदिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के दौरान भजन संगीत व भजन संध्या का आयोजन क्षेत्र में किया जाएगा। त्रिदिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के तहत 12 फरवरी प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बस स्टैंड पिछोर,12 फरवरी शाम 6 बजे से 8 बजे तक माधव चौक शिवपुरी तथा त्रिदिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का समापन लक्ष्मीगंज गुना में अपराह्न 3 बजे से 6 तक आयोजित भजन संध्या में किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद डॉ.के.पी.यादव ने समस्त क्षेत्र वासियों से इस धार्मिक आयोजन में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

# महिलाओं के समूह को लोन देने वाली संस्था का फील्ड ऑफिसर लाखों रूपए लेकर फरार, एफआईआर दर्ज

**शिवपुरी।** शहर में एक समूह के लिए लोन देने वाली संस्था का फील्ड ऑफिसर ही समूह की महिलाओं से लोन के पैसों की किस्तों के लाखों रूपए लेकर फरार हो गया। भारत फाइनेंशियल इनक्लूजन लिमिटेड के मैनेजर ने इसकी शिकायत फिजिकल थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में फील्ड ऑफिसर के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

फिजिकल थाना क्षेत्र के टीवी टावर रोड़ नाइ की बगिया में संचालित भारत फाइनेंशियल इनक्लूजन लिंमिटेड शाखा के ब्रांच मैनेजर राजेंद्र सिंह ने बताया कि हमारी कंपनी में फील्ड ऑफिसर के पद पर ग्वालियर का रहने वाला शुभम वर्मा पिता सुरेश चन्द्र बर्मा कार्य करता था। उसका काम शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को समूह लोन देने व उनकी किश्तों के कलेक्शन का था। शुभम वर्मा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए साथ ही महिलाओं से उनके लोन की किश्तों को बैंक की शिवपुरी ब्रान्च में जमा करने का विश्वास देकर महिलाओं से लोन की किश्तों एवं प्री-पेमेंट के रूप में एकत्रित रूपए ब्रान्च में जमा न कराते हुए अपने पास रख लिए। ब्रांच मैनेजर राजेंद्र सिंह ने बताया जब इस बात की जानकारी उसे मिली तो इसकी शिकायत कंपनी की ऑडिट शाखा में दर्ज कराई थी। ऑडिट विभाग ने फील्ड वेरिफिकेशन कराई थी। जिसमें 3 लाख 71 हजार 713 रूपए का गबन सामने आया था। बता दें ब्रांच मैनेजर राजेंद्र सिंह की शिकायत पर फिजिकल थाना पुलिस ने भारत फाइनेंशियल इनक्लूजन लिंमिटेड के फील्ड ऑफिसर शुभम वर्मा के खिलाफ आईपीसी की धारा 420,406 के मामला पंजी बद्ध कर लिया है।

# फैली अफवाहः पुरानी अनाज मंडी में जगह घेरने के लिए लोगों ने डाला चूना, लिखा अपना नाम, पुलिस ने हटाया



**शिवपुरी।** शहर के गांधी पार्क के पास रविवार को पुरानी अनाज मंडी में फैली अफवाह के चलते लोगों ने मंडी में पहुंचकर जगह घेरना शुरू कर दिया। लोगों ने मंडी में जगह घेरने के लिए चूना डालकर अपना नाम तक लिख दिया। मंडी की जमीन पर कब्जे की सूचना लगते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस व मंडी के कर्मचारियों ने लोगों को मौके से हटाया और अफवाह पर ध्यान न देने की बात कही।

बता दें कि कई वर्ष पहले पुरानी अनाज मंडी को पिपरसमा रोड़ पर विस्थापित कर दिया गया है। इसके बाद यह स्थान खाली पड़ा हुआ है। पुरानी अनाज मंडी में कोर्ट रोड़ सहित गांधी पार्क में लगने बाली सब्जी मंडी को विस्थापित करने की प्रक्रिया पर प्रशासन काम रहा है। हालांकि, आज एकाएक पुरानी अनाज में लोगों ने अपनी अपनी जगह घेरने की अफवाह फैलते ही मौके पर पहुंचकर पुरानी अनाज मंडी में चूना डालकर अपना नाम तक लिख दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अमले ने बताया कि मंडी में जगह बंटवारे की महज अफवाह फैली है। मंडी में जगह का आवंटन नियमानुसार किया जाएगा।

# स्वामित्व योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज

**रीवा।** स्वामित्व योजना के तहत पात्र गरीब परिवारों को भू अधिकार पत्र प्रदान किए जाते हैं। इस योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम झाबुआ जिले में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र का वितरण करेंगे। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दूरदर्शन तथा विभिन्न मीडिया प्लेटफार्म पर किया जाएगा। रीवा एवं मऊगंज के सभी नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में इसके सजीव प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी। आमजनता से इस कार्यक्रम से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थों का पदस्थापना स्थल में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें - जिला निर्वाचन अधिकारी

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी पदस्थापना स्थल में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने कहा है कि जो व्यक्ति एक स्थान पर तीन महीने से अधिक निवास करता है उसे मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का हक है। अधिकारी-कर्मचारी अपनी पदस्थापना स्थल तथा मुख्यालय में नियमित रूप से निवास करते हैं। इसके बावजूद कई अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा अपना नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं कराया गया है। सभी कार्यालय प्रमुख अधीनस्थ अधिकारियों का नाम उनकी पदस्थापना के विधानसभा क्षेत्र में दर्ज कराकर जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

# आदर्श नगर में सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, करीब डेढ़ लाख के सामान की चोरी



### पीड़ित ने थाने में की शिकायत

**शिवपुरी।** शहर के देहात थाना क्षेत्र के आदर्श नगर में एक सूने मकान में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। गृह स्वामी ने रविवार को देहात थाना में पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने चोरी के मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। गौरतलब है कि कई माह से मकान में ताला पड़ा हुआ था।

चोरी की शिकायत लेकर पहुंचे रुपेश जोशी पुत्र प्रमोद जोशी ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ हैदराबाद में रह रहा है। पिछले 4 माह से उनके आदर्श नगर स्थित मकान में ताला लगा हुआ था। पड़ोसियों ने दो मकान दिन पहले ही आगजनी की सूचना दी थी। आज वह हैदराबाद से अपने पिता के साथ शिवपुरी पहुंचा। जहां उसे घर के ताले टूटे हुए मिले साथ ही घर में रखे वर्तन, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित थोड़ा बहुत सोने चांदी के जेवरात अपने साथ ले गए। इस घटना में उसे करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस ने चोरी के मामले की पड़ताल शुरू कर दी।

# संजय गांधी व सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं के सभी कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं : उप मुख्यमंत्री

### इमर्जेंसी मेडिसिन यूनिट प्रारंभ की जाएगी - उप मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र तत्काल प्रारंभ करें - उप मुख्यमंत्री

### अधोसंरचना निर्माण के स्वीकृत कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करें - उप मुख्यमंत्री

### श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा की सामान्य परिषद की बैठक संपन्न



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि संजय गांधी अस्पताल व सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं के सभी कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। विभिन्न विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों की पूर्ति के साथ ही पैरामेडिकल स्टाफ के पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही प्राथमिकता से की जा रही है। उन्होंने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विस्तार के कार्य को शीघ्र प्रारंभ करें। संजय गांधी अस्पताल में आवश्यक अधोसंरचना निर्माण के कार्यो को प्रारंभ करें। प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र तत्काल प्रारंभ करें। शुक्ल ने निर्देश दिए कि संजय गांधी अस्पताल में इमर्जेंसी मेडिसिन यूनिट तत्काल प्रारंभ कराएं। वहाँ चिकित्सकों की उपलब्धता रहे ताकि इमर्जेंसी के मरीजों की सही ढंग से जाँच कर संबंधित विभाग को भेजा जा सके। शुक्ल ने कहा कि 41 करोड़ की लागत से नया ओपीडी भवन तथा डॉक्टर्स क्वार्टर्स का निर्माण होगा। इसके साथ ही 55 आउटसोर्स कर्मचारियों की भी भर्ती होगी। बैठक में आयुक्त चिकित्सा शिक्षा तरूण पिथोड़े, कमिश्नर रीवा संभाग गोपालचन्द्र डॉड, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय सहित सामान्य परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित सामान्य परिषद की बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा तथा स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पैरा मेडिकल के लिए नियमित 36 पदों की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इसकी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू होगी। उन्होंने कहा कि एमडी एनस्थीसिया के 6 माह के प्रशिक्षण के लिए दो चिकित्सकों को भेजा जाएगा ताकि कार्डियक एनस्थीसिया में वह मदद कर सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डीएम व एमसीएच के पाठ्यक्रम प्रारंभ होंगे जिससे यहाँ से निकलने वाले चिक्तिसक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ही विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे सकें। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र व मध्यप्रदेश जन औषधि के माध्यम से दवाईयों का क्रय हो जिससे वह सस्ती मिले। उन्होंने औषधियों की आपूर्ति मध्यप्रदेश हेल्थ कार्पोरेशन से किए जाने की बात कही। उन्होंने चिकित्सकों को समय पर इन्सेंटिव मिलने की भी बात कही। शुक्ल ने नर्सिंग कालेज भवन निर्माण के कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए।

सामान्य परिषद की बैठक में संजय गांधी अस्पताल में दो बड़ी व दो छोटी लिफ्ट स्थापना के साथ ही सिंगल ब्लड सेपरेशन मशीन लगाने का अनुमोदन किया गया। समिति के सदस्यों के सुझाव पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अस्पताल के प्रत्येक फ्लोर में हेल्पडेस्क की स्थापना करने तथा अस्पताल के भर्ती काउंटर बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं व अन्य अधोसंरचना विकास की आगामी 25 वर्षों की आवश्यकताओं के अनुसार मास्टर प्लान बनाकर शासन स्तर को प्रेषित किया जाए ताकि सभी जरूरतों की प्राथमिकता से पूर्ति कराई जा सके। उन्होंने कैंसर यूनिट व मदर चाइल्ड यूनिट स्थापना के लिए भी प्राथमिकता से स्थापना की बात कही। शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में रीवा में सभी कार्य प्राथमिकता से होंगे और रीवा मेडिकल हब बनेगा तथा सभी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी जिससे मरीजों को इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

बैठक में गत कार्यकारिणी समिति की बैठक के प्रस्तावों व अंकेक्षण प्रतिवेदन पर आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। इस दौरान सीटी मशीन के क्रय करने, विभिन्न आवश्यक संसाधनों एवं उपकरणों की पूर्ति हेतु प्रस्ताव शासन स्तर को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए। नाक, कान, गला विभाग में जाँच उपकरण क्रय करने सहित मानसिक रोग विभाग में नशामुक्ति केन्द्र की स्थापना हेतु राशि की स्वीकृति व सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियालॉजी विभाग में डीएचयू यूनिट प्रारंभ करने हेतु स्वीकृति का प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मानसिक रोग विभाग का उन्नयन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तौर पर किए जाने हेतु दो सौ करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन स्तर को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए। चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त तरूण पिथोड़े ने निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावों को तत्काल शासन स्तर को प्रेषित करें ताकि उन पर स्वीकृति के संबंध में कार्यवाही की जा सके। आयुक्त रीवा संभाग गोपालचन्द्र डाड ने कहा कि कार्यकारिणी समिति द्वारा उसके अधिकार क्षेत्र के सभी कार्यो को स्वीकृति देकर प्रारंभ कराया जाएगा तथा आवश्यक संसाधनों की पूर्ति की जाएगी। डीन मेडिकल कालेज डॉ मनोज इंदुलकर ने बैठक में एजेण्डा विषय का प्रस्तुतिकरण किया। इस दौरान संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ अरूण श्रीवास्तव सहित अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा, डॉ अक्षय श्रीवास्तव, पूर्व चिकित्सक डॉ एचपी सिंह एवं विभागीय अधिकारी व चिकित्सक उपस्थित रहे।

क्रमांक-83-427-शुक्ल-फोटो क्रमांक 04, 05, 06 संलग्न हैं।

# रेलवे लाइन के लिए 15 मई तक भू अर्जन अनिवार्य रूप से पूरा करें : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा यह रेलवे लाइन विन्ध्य के विकास की जीवन रेखा है। विन्ध्य नैसर्गिक संसाधनों से भरपूर है। ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन के निर्माण, रीवा एयरपोर्ट के निर्माण तथा विन्ध्य में नर्मदा नदी का पानी पहुंचने से पूरे क्षेत्र के विकास को पंख लग जाएंगे। इस क्षेत्र में इतना तेजी से विकास होगा कि कोई क्षेत्र इसकी बराबरी नहीं कर पाएगा। कलेक्टर सीधी और सिंगरौली रेलवे लाइन के लिए आवश्यक जमीनों का 15 मई तक अनिवार्य रूप से भू अर्जन करें। भू अर्जन के संबंध में राजस्व अधिकारी तथा रेलवे के अधिकारी संयुक्त रूप से सर्वे करके भू स्वामियों की आपत्तियों का निराकरण करें। शासन के मापदण्डों के अनुसार जो व्यक्ति पात्र हैं उन्हें मुआवजा राशि का तत्काल भुगतान करें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे लाइन के निर्माण में देरी के कारण सभी को नुकसान हो रहा है। परियोजना की लागत लगातार बढ़ रही है। रेलवे लाइन का निर्माण समय पर पूरा हो जाता तो इस पूरे क्षेत्र में उद्योग, पर्यटन, चिकित्सा तथा सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास होता। भू अर्जन की कार्यवाही पूरा होने तक रेलवे के अधिकारी निर्माण कार्यों के टेण्डर की कार्यवाही पूरी कर लें। रेलवे लाइन में बनने वाली टनल, बड़ी पुल, रेलवे स्टेशन तथा अन्य बड़े निर्माण कार्यों के टेण्डर की कार्यवाही तीन माह में पूरा कर लें जिससे जमीन का अधिग्रहण होते ही निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो जाए। भू अर्जन में किसी भी तरह की बाधा आने पर संबंधित जिले के कलेक्टर को सूचना दें। यदि कोई भी व्यक्ति अवैध तरीके से निर्माण कार्यों में बाधा पहुंचाने का प्रयास करता है तो कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें।

बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने कहा कि रेलवे के अधिकारी गोविंदगढ़ से सीधी तक का निर्माण कार्य तेजी से कराएं। कलेक्टर सिंगरौली चार गांव के छूटे हुए किसानों के भू अर्जन की कार्यवाही 31 मार्च तक पूरी कर दें। कलेक्टर सिंगरौली धारा 11 की कार्यवाही की तिथि को आधार मानते हुए रेलवे के अधिकारियों के साथ मिलकर शेष 6 गांवों में जमीनों का सत्यापन करा लें। इन गांवों में 15 मई तक भू अर्जन की कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूरी कर लें। बैठक में कलेक्टर सीधी साकेत मालवीय ने बताया कि जिले में रेलवे के लिए कुल 258 हेक्टेयर जमीन का भू अर्जन किया जाना है। इनमें से केवल 24 हेक्टेयर का भू अर्जन शेष है। इसे मई माह तक पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर सिंगरौली ने बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल होकर बताया कि भू अर्जन की जाने वाली जमीनों में धारा 11 की स्थिति में जो परिसम्पत्तियां हैं उनका मुआवजा देते हुए भू अर्जन के प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। भू अर्जन की कार्यवाही 15 मई तक पूरी हो जाएगी।

बैठक में रेलवे के मुख्य अभियंता जीएस मीणा ने कहा कि ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन के निर्माण के लिए प्रशासन पूरा सहयोग कर रहा है। सतना और रीवा जिले में निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। सीधी जिले में निर्माण कार्य तेजी से जारी है। पन्ना से सतना के बीच भी निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस परियोजना का कार्य वर्ष 2026-27 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भू अर्जन अधिकारी द्वारा जिन व्यक्तियों को पात्र माना जाएगा उन सभी को निर्धारित मुआवजा राशि प्रदान की जा रही है। बड़े निर्माण कार्यों के टेण्डर की कार्यवाही अगस्त माह तक पूरी कर ली जाएगी। परियोजना में 15 सितम्बर से पूरी तेजी के साथ कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। बैठक में नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक तथा रेलवे के अधिकारी आरके स्वाई, सुनील कुमार, जोन सिंह मीणा उपस्थित रहे।

## चलो गांव की ओर अभियान प्रवासी कार्यकर्ता पहुंचे बूथों पर

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी का गांव चलो अभियान के अंतर्गत आज भाजपा महानगर के सभी बूथों पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में बूथों पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने पार्टी के द्वारा दी गई कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम किये गये। हेमूकालानी मंडल के वार्ड क्रमांक 37 के अंतर्गत बूथ क्रमांक 38 पर पितृपुरूष पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति ने भाजपा के पितृपुरूष पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रेरणादायी संस्मरण सुनाये। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति ने बूथ क्रमांक 38 पर दीवाल लेखन किया एवं त्रिदेव और बूथ समिति के सदस्यों के साथ बैठक की।

# जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनीटरिंग कमेटी गठित

## जिला स्तरीय मीडिया मॉनीटरिंग कमेटी का हुआ गठन

**रीवा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में पेड न्यूज में निगरानी तथा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया में चुनाव प्रचार के विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए समिति गठित की गई है। इस जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनीटरिंग कमेटी का अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल को बनाया गया है।

समिति में सदस्य के रूप में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सहायक रिटर्निंग आफीसर विधानसभा क्षेत्र सिरमौर भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा, सहायक रिटर्निंग आफीसर त्योंथर संजय कुमार जैन, सहायक रिटर्निंग आफीसर मऊगंज राजेश मेहता, सहायक रिटर्निंग आफीसर देवतालाब ब्रिजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय को शामिल किया गया है। समिति में सदस्य के रूप में सहायक रिटर्निंग आफीसर विधानसभा क्षेत्र मनगवां पीएस त्रिपाठी, सहायक रिटर्निंग आफीसर रीवा सुश्री वैशाली जैन, सहायक रिटर्निंग आफीसर गुढ़ अनुराग तिवारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल, कार्यक्रम अधिकारी आकाशवाणी मनीष द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार रामबिहारी मिश्र को भी शामिल किया गया है। समिति में जनसम्पर्क अधिकारी उमेश तिवारी को सदस्य सचिव के रूप में शामिल किया गया है।

समिति में जनसंपर्क अधिकारी शिवप्रसन्न शुक्ल को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के दौरान विभिन्न संचार माध्यमों में चुनाव प्रचार की निगरानी के लिए जिला स्तरीय मीडिया मॉनीटरिंग समिति भी गठित की गई है। इसका भी अध्यक्ष कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल को बनाया गया है। समिति का सदस्य सचिव जनसंपर्क अधिकारी उमेश तिवारी को बनाया गया है। समिति में सदस्य के रूप में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल तथा जनसम्पर्क अधिकारी शिवप्रसन्न शुक्ल को शामिल किया गया है।

## कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थों का पदस्थापना स्थल में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें : जिला निर्वाचन अधिकारी

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी पदस्थापना स्थल में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने कहा है कि जो व्यक्ति एक स्थान पर तीन महीने से अधिक निवास करता है उसे मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का हक है। अधिकारी-कर्मचारी अपनी पदस्थापना स्थल तथा मुख्यालय में नियमित रूप से निवास करते हैं। इसके बावजूद कई अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा अपना नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं कराया गया है। सभी कार्यालय प्रमुख अधीनस्थ अधिकारियों का नाम उनकी पदस्थापना के विधानसभा क्षेत्र में दर्ज कराकर जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

# मऊगंज जिले में गेंहू पंजीयन केन्द्र निर्धारित

**रीवा।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए मऊगंज जिले में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा गेंहू पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। किसानों का पंजीयन 5 फरवरी से एक मार्च तक निर्धारित केन्द्रों में किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊगंज तहसील में सेवा सहकारी संस्था पन्नी, विपणन सहकारी समिति मऊगंज, सेवा सहकारी समिति पहाड़ी नृपतसिंह, सेवा सहकारी समिति पाड़र, नईगढ़ी तहसील में सेवा सहकारी संस्था नईगढ़ी क्रमांक एक एवं दो, सेवा सहकारी समिति बन्नई, सेवा सहकारी समिति भीर, सेवा सहकारी समिति खर्रा, गंगा विपणन सहकारी समिति नईगढ़ी एवं हनुमना तहसील में सेवा सहकारी समिति बीरादेई, विपणन सहकारी समिति हनुमना, सेवा सहकारी समिति पांती, सेवा सहकारी समिति पहाड़ी क्रमांक एक एवं दो, सेवा सहकारी संस्था हनुमना, सेवा सहकारी समिति गौरी तथा सेवा सहकारी समिति बिछरहटा को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

## राजस्व महाअभियान की समीक्षा आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल राजस्व महाअभियान की जिले में अब तक हुई प्रगति की आज समीक्षा करेंगी। कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से टीएल बैठक के दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

## कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 12 फरवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा करेंगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण तथा राजस्व महाअभियान की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## पीसी एण्ड पीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक आज

**रीवा।** पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 12 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आहूत की गयी है। सीएमएचओ डॉ. केएल नामदेव ने समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## अपर मुख्य सचिव आज करेंगे वीडियो कान्फ्रेंसिंग से समीक्षा

**रीवा।** विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए शासन के निर्देशों के अनुरूप संभागीय समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री जेएस कंसोटिया को रीवा संभाग का प्रभारी सचिव बनाया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री कंसोटिया 12 फरवरी को शाम 5 बजे से आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में गत 5 जनवरी को आयोजित बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को पालन प्रतिवेदन की अद्यतन जानकारी के साथ कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# वाणी एवं व्यवहार में एकरूपता प्रभु चरणों का मार्ग : महामंडलेश्वर दयाराम दास

## 19 लोगों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

## 278 मरीज और 28 सेवक हुए उपस्थित

## अल्फा सर्जिकल एवं एस. के डेंट कंपनी द्वारा दी डेंटल चेयर का हुआ लोकार्पण







**मुरैना,कासं.।** आज दिनांक 11 फरवरी 2024 को मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई इसके साथ ही 278 मरीजो ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया, विषय बार मरीजो की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 69 स्व- जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 66, नाक कान गला 41 , सर्जरी 43, अस्थि रोग 42, नैत्र रोग 19, अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट0, ब्लड प्रेसर की जाँच 29, ई.सी.जी 1, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 34 नशा छोड़ने का संकल्प लिया 19, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 16, एम्स में पंजीयन0 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष मे- दांत शल्य क्रिया48, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायिरिया का इलाज15, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमेङ्क आँखों की जाँच 14 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की। डॉ एस.के. शर्मा, डॉ एस के. गुप्ता, डॉ बी.एल. राजपूत, डॉ प्रगति गुप्ता,

प्रदीप शर्मा, सुषमा शर्मा, कस्तूरी, जूली प्रजापति, आस्था अवस्थी, गुड्डी, मुन्नी, ममता, बबिता, मनीराम, अनुपम जी, रमेश बाऊजी, होत्तम कुशवाह, सुरेश महेश्वरी, दीपू तोमर, श्याम शर्मा, मयूर अग्रवाल, राम चरण, हाकिम सिंह, पवन शर्मा, अभिषेक अग्रवाल, सचिन, सिमरन आदि ने निश्शुल्क सेवाए प्रदान की।

प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना ईलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया। आज परमार्थ न्यास में महामंडलेश्वर दयाराम दास जी सीताराम परिवार राष्टीय अध्यक्ष प्राचीन राम तपस्थली ब्रह्मपुरी आश्रम ऋषिकेश से पधारे आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर ह्रदय से प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा। आवश्यकता व अपेक्षा के अनुरूप अपनी बातों को रखनी चाहिए। साथ ही जहां बोलने की आवश्यकता न हो, वहां मौन रहना सबसे बेहतर है। जिस बात की अपेक्षा आप दूसरों से नहीं करते, उन बातों को नहीं कहना चाहिए। जीवन में वाणी पर संयम व मौन जरूरी है। वाणी पर नियंत्रण और मधुरता ही सफल जीवन का मूल मंत्र है। श्रद्धालुओं को जीवन का एक ही बात को अलग-अलग ढंग से रखा जा सकता है। उन बातों को बोलने से बचना चाहिए, जिससे समाने वाले व्यक्ति को कष्ट हो। मधुरता के साथ बोले गए वाक्य से सामने वाले व्यक्ति को प्रसन्नता मिलती है। वहीं दूसरी ओर कर्कश बातों से नाराजगी बढ़ती है और कष्ट होता है। झूठ से बचते हुए यथासंभव सत्य बोलना चाहिए। मानव मात्र का उद्देश्य सेवा है। यदि आप ईमानदारीपूर्वक जनता की सेवा। को भ्रष्टाचार से बचते हुए ईमानदारीपूर्वक जनता की सेवा करने की जरूरत है। और जब वाणी सरल हो जाती है तब व्यवहार में एक अलग प्रकार का स्वभाव निकल कर आता है इसको कहते है समरसता का भाव किसी के लिए कटु वचन जब मुख से नही निकलेंगे तो व्यवहार सरल होगा और सरल व्यवहार के साथ परोपकार करते चलो प्रभु चरणों के मार्ग का यही सुगम रास्ता है। आज मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में मैने देखा कि समस्त सेवक जिस उदार भाव व वाणी से सेवा करते हैं उसे देखकर मैं ह्रदय से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ एवं जन मानस से आग्रह करता हूँ कि यहाँ प्रभु के दीन स्वरूप की सच्ची सेवा का लाभ ले। मैं सभी को आशीष, शुभकामनाएं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि परमार्थ न्यास के सभी सेवकों में जन मानस की सेवा सत्कर्म का भाव सदैव इसी प्रकार बना रहे। और यह सेवा सत्कर्म निरंतर चलता रहे। सीताराम परिवार राष्ट्रीय अध्यक्ष प्राचीन राम तपस्थली ब्रह्मपुरी के महामंडलेश्वर दयाराम दास महाराज जी आज परमार्थ न्यास 12 बजे पधारेंगे दिल्ली से आई अत्याधुनिक डेंटल चेयर का लोकार्पण करेंगे दिल्ली अल्फा सर्जिकल के प्रोपराइटर श्री सुनील गुप्ता जी एवं एस के डेन्ट के प्रोपराइटर श्री विनोद जी द्वारा सेवा हेतु दान किया है।

### जरूरमंदो के लिए एक पहेल -

हमारा परमार्थ न्यास किचन रेस्टोरेंट के बगल में शर्मा डेंटल क्लिनिक के ऊपर हर रविवार गरीबों व जरूरतमंदो को निशुल्क उपचार, दवाईयां और कपड़े उपलब्ध कराता है। अगर किसी के घर में जो दवाईयां और कपड़े उपयोग में ना हो वो लोग गरीबों व जरूरतमंदो के उपयोग हेतु हमे प्रदान कर सकते हैं या स्वयं शर्मा डेंटल क्लिनिक या परमार्थ न्यास पर आकर स्वयं दान दे सकते हैं। आपकी एक पहल जरूरतमंदो के बहुत काम आएगी।

सभी शहर वासियों से निवेदन है कि शव को सुरक्षित रखने हेतु डीप फ्रीजर का उपयोग आवश्यकता होने पर किसी भी समय परमार्थ न्यास से संपर्क किया जा सकता है एवं अत्याधुनिक एंबुलेंस जिसमे कार्डियक् मॉनिटर लगा हुआ है की आवश्यकता होने पर किसी भी समय परमार्थ न्यास से संपर्क किया जा सकता है। आवश्यकता पड़ने पर इन नंबरों 9827090180, 8602434147, 9300701002 पर संपर्क कर सकते है।



## जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री वनवारी लाल धाकड़ ने ग्राम सिंगाचोली में भूअधिकार पत्रों का किया वितरण

**मुरैना,कासं.।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री वनवारी लाल धाकड़ ने रविवार को स्वामित्व योजनांतर्गत ग्राम सिंगाचोली तहसील कैलारस अनुभाग सबलगढ़ में भूअधिकार पत्रों का वितरण किया।

## जाति प्रमाण-पत्र बनवाने आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य

**मुरैना,कासं.।** लोकसेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनबाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है।

जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़े वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछड़े वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

## सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं को आईटीआई कॉलेज उम्मेदगढ़ बांसी में शैक्षणिक भ्रमण कराया

### शैक्षणिक भ्रमण के दौरान जन अभियान परिषद जौरा ने किया विभिन्न ग्रामों व विभागों का भ्रमण



**मुरैना,कासं.।** प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए जनभागीदारी से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का सपना साकार करने के लिए मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम का निर्माण किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा एक दीर्घकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। जिसके अंतर्गत उन्हें सफल शिक्षण प्रशिक्षण उपरांत बीएसडब्ल्यू,एमएसडब्ल्यू की उपाधियां प्रदान की जायेंगी। यह खास तौर यह प्रावधान उन युवाओं के लिए है, जो 12वीं पास है, परंतु परिस्थिति जन्य कारणों से उच्च शिक्षा से वंचित रह गए हैं। यह बात ग्राम पंचायत उम्मेदगढ़ वॉसी में हो रहे कार्यशाला के दौरान जन अभियान परिषद जौरा के ब्लॉक समन्वयक श्री बीडी शर्मा ने कही। यह आयोजन म.प्र. जन अभियान परिषद जौरा के ब्लॉक समन्वयक श्री बीड़ी शर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड जौरा में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत संचालित बीएसडब्ल्यू एवम् एम एसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के छात्र- छात्राओं को आईटीआई कॉलेज उम्मेदगढ़ बांसी में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। पटवारी संजीव पठारिया द्वारा सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया गया कि भूमि का सीमांकन, म्यूटेशन, विरासत, जाति आदि जैसे अनेक कार्य हैं और अपने हलके के भूमि संबंधी विवाद का निपटारा कैसे किया जाए और गांव में उगाई गई, सभी फसलों का रिकॉर्ड कैसे रखना है, सभी भूमि और उनके स्वामित्व का अद्यतन रिकॉर्ड रखना एवं नामांकरण की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान गांव में भ्रमण कराकर गांव में बनी आंगनवाड़ी की कार्यप्रणाली के बारे में जाना एवं गांव में कई कॉलेजों का भ्रमण भी किया।

कार्यशाला के दौरान गीतांजलि दुबे के द्वारा प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया साथ ही कार्यक्रम संचालन कु. अंजली दुबे और आभार शिवानी शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था से विष्णु सिंह तोमर, कैलाश शर्मा, परिक्षत शर्मा, अलकेश राठौर , पूर्व सरपंच वाँसी हवलदार सिंह तोमर, केके शर्मा, पूर्व सरपंच चचिहा अनूप सिंह जादौन, अरविंद अवस्थी, प्रस्फुटन समिति से लाखन सिंह राजपूत, श्री कपिल शर्मा, परामर्शदाता श्री प्रशांत शर्मा, शिवानी शर्मा, जया बागड़े, विनोद कुमार शर्मा आदि छात्र गण प्रमुख रूप से मौजूद थे

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज के लिए विवाहिता की मारपीट

**मुरैना 11 फरवरी।** सबलगढ थाना पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता की मारपीट करने पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नव विवाहिता श्रीमती कल्पना पत्नी योगेश गुर्जर निवासी हिण्डोन सिटी राजस्थान हाल वार्ड क्रमांक 07 गंज मौहल्ला पंचायती हनुमान मंदिर के पास सबलगढ को उसके ससुरालीजन योगेश,आशादेवी, बनेश समस्त जाति गुर्जर निवासी पटेल वाइपास हिण्डोन सिटी दहेज के लिए आए दिन मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताडित करते थे, जिससे तंग आकर विवाहिता ने आरोपियो के खिलाफ भादवि की धारा 498ए,323,294,3/4 दहेज एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना 11 फरवरी।** बानमोर थाना पुलिस ने मुखिबिर की सूचना पर से सांक नदी के पास अवैध 315 बोर का कट्टा मय जिन्दा पांच राउण्ड लेकर किसी वारदात की नियत से घूम रहे आरोपी मुकेश गुर्जर पुत्र रामचरन निवासी सपचौली को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार जप्त कर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### तीस लाख का तेल लेकर चालक गायब

**मुरैना 11 फरवरी ।** कोतवाली थाना पुलिस ने ट्रक में तीस लाख का तेल भरकर गए अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी सुमित गोयल पुत्र अनिल निवासी जीवाजीगंज मुरैना की फैक्ट्री से ट्रक क्रमांक जीजे 12 बीटी 0553 में अज्ञात चालक तीस लाख का तेल भरकर ले गया था, लेकिन चालक तेल लेकर गंतव्य स्थान तक नही पहुॅचने पर उसकी तलाश की गई लेकिन उसका कही कोई सुराग नही मिलने पर फरियादी ने थाना कोतवाली में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ भादवि की धारा 406 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### निमोनिया के लक्षण होने पर स्वास्थ्य संस्था पर चैकअप अवश्य करायें : सिविल सर्जन

**बदलते मौसम में निमोनिया से बचाव एवं उपचार की दी सलाह**

**मुरैना 11 फरवरी 2024/**सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया है, कि सर्दी के मौसम में बच्चों में निमोनिया के केसेस ज्यादा पाए जाते हैं। निमोनिया फेफड़े का संक्रमण है, जिससे फेफड़ों में सूजन हो जाती है। निमोनिया होने पर बुखार, खांसी और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। तेज सांस चलना या छाती का धंसना निमोनिया के दो मुख्य चिन्ह है। सिविल सर्जन डॉ. तोमर ने बताया कि बच्चों में सांस की गति का ठीक ढंग से आंकलन करके निमोनिया को प्रारंभिक अवस्था में ही पहचाना जा सकता है। इसके लिए बच्चों की श्वास को एक मिनट तक निरंतर देखा जाता है। दो माह तक की उम्र के बच्चों की सांस लेने की दर एक मिनट में 60 या उससे अधिक होने पर, 2 माह से एक वर्ष तक की आयु में 50 या उससे अधिक एवं 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों में प्रति मिनट 40 या उससे अधिक सांस की दर होने पर निमोनिया होने की संभावना रहती है। निमोनिया से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण, छह माह तक सिर्फ स्तनपान और उसके बाद उचित पूरक आहार, विटामिन ए का सेवन, साबुन से हाथ धोना, घरेलू वायु प्रदूषण को कम करना आवश्यक है।

### 12 फरवरी को विभिन्न क्षेत्रों की विधुत सप्लाई बंद रहेगी

**दतिया।** 11/11 केव्ही इडस्ट्रियल, धीरपुर, गोराघाट, बेहरूका, बरगांय, बसई उपकेन्द्र पर 11 केव्ही आरडीएस कार्य किये जाने के कारण आज 12 फरवरी 2024 को विभिन्न क्षेत्रों की विधुत सप्लाई दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक बंद रहेगी। जिन क्षेत्रों की विधुत सप्लाई बंद रहेगी उनमें 11 केव्ही चिरूला आबादी फीडर, 11 केव्ही धीरपुरा आबादी फीडर, 11 केव्ही गोराघाट आबादी फीडर, 11 केव्ही गुलियापुरा पंप फीडर, 11 केव्ही बडेरा पंप फीडर, 11 केव्ही सोनागिर आबादी फीडर, 11 केव्ही सोनागिर पंप फम्डर, 11 केव्ही लहरा आबदी फम्डर से संबंधित क्षेत्र शामिल है। विधुत सप्लाई का समय आवश्यकतानुसार घटाया बढ़ाया जा सकता है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमावली पर लगाया गया जागरूकता शिविर

# कुष्ठ एवं एचआईवी छूने से नहीं फैलता : संदीप सेंगर

### कुष्ठ, एचआईवी,एवं टीवी के प्रति किया एएनएम एमपीडब्ल्यू को जागरूक



जौरा। विगत दिवस दिनांक 10/02/2024 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा के निर्देशन व मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र सिंह सैमिल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे कुष्ठ पखवाड़े के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमावली पर कुष्ठ ,एचआईवी एड्स एवं टीवी रोग के प्रति एएनएम, एमपीडब्ल्यू, आशा सहयोगिनी, एवं आशा कार्यकर्ताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ,राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के एन एम ए कमलेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के एस टी एस दिनेश पचौरी, आईसीटीसी के परामर्शदाता संदीप सेंगर, मनीकांत शर्मा, सुमावली के एम पी एस धर्मेंद्र गोड, लेव टेक्नीशियन उमाकांत शर्मा,ए एन एम इंदू सिंह, शोभा शाक्य ,संध्या श्रीवास्तव, पूर्णिमा जादौन एवं अन्य लोग उपस्थित थे । इस अवसर पर कमलेश श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित सभी लोगों को कुष्ठ पखवाड़े की जानकारी देते हुए कुष्ठ के लक्षणों के आधार पर जन समुदाय में कुष्ठ संभावित रोगियों की पहचान करने के तरीके समझायें, उन्होंने कहा कि हम सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी हैं आप सभी आशा कार्यकर्ता , एएनएम दीदी,एम पी डब्ल्यू, एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर संभाबितो की पहचान करें, जिसमें अगर किसी व्यक्ति के शरीर के रंग में हल्के फीके दाग धब्बे जिन में सुन्नपन हो, हाथ पैरों में झुनझुनाहट, चेहरे पर तेलिया, तामिया चमक तथा शरीर में गठान हो तो वह व्यक्ति कुष्ठ का संभावित हो सकता है इसलिए कुष्ठ रोग से मुक्ति हेतु हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा, तभी हम कुष्ठ मुक्त देश बना सकते हैं।

इस अवसर पर आईसीटीसी के परामर्शदाता संदीप सेंगर द्वारा उपस्थित लोगों को एचआईवी एड्स के बारे में जानकारी दी तथा उन्होंने कहा कि एचआईवी हो या कुष्ठ वह छूने से नहीं फैलता है समाज के अंदर फैली भ्रांतियों को हम सब को मिलकर दूर करना है बहुत सारे लोग कुष्ठ रोग को देवी-देवताओं का प्रकोप,श्राप मानते हुए उसका इलाज नहीं कराते हैं तथा कुष्ठ रोगियों एवं एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से भेदभाव, छुआछूत जैसी भावनाएं रखते हुए उनका समाज से तिरस्कार करते हैं अतः इन भ्रांतियों को समाज से हम सब को मिलकर समाप्त करने की जरूरत है कुष्ठ एक साधारण बीमारी है जिसका इलाज संभव है । इस अवसर पर दिनेश पचौरी द्वारा कहा गया कि भारत के प्रधानमंत्री द्वारा 2025 तक भारत को टीबी मुक्त किए जाने का संकल्प लिया गया है टीबी रोग के नियंत्रण व समाप्ति हेतु निरंतर हम सब को मिलकर टीबी रोग को हराना है आप सबके सहयोग से टीबी हारेगा देश जीतेगा, प्रधानमंत्री जी का सपना साकार होगा, इस अवसर पर उन्होंने टीबी संभावितों की पहचान करने के लिए टीबी स्क्रीनिंग, करने के तरीके भी समझाये इस अवसर पर सभी के द्वारा भारत देश को एचआईवी एड्स, कुष्ठ एवं टीवी मुक्त भारत बनाना हेतु संकल्प भी लिया गया।

## कौशल विकास राज्य मंत्री श्री टेटवाल ने ग्राम कड़लावद में सुनी ग्रामीणों की समस्याएँ

**भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कड़लावद में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएँ सुनी और अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने रात्रि विश्राम भी कड़लावद में किया। श्री टेटवाल ने ग्राम कड़लावद में सुबह उठकर ग्रामीणों के साथ सफाई अभियान चलाया। स्व-सहायता समूहों की बहनों के साथ बैठक कर उन्हें विभिन्न रोजगार मूलक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इनका लाभ उठाएँ। श्री टेटवाल ने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गाँव से विलुप्त हो चुकी विभिन्न कलाओं एवं तकनीकों को पुर्नजीवित करने की जरूरत है। इस बारे में विभाग की ओर से हर संभव मदद की जायेगी। इस दौरान स्थानीय जन-प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## स्वामित्व योजनान्तर्गत भूमिहीन हितग्राहियों को भू-स्वामी अधिकार अभिलेख वितरण कर भूमि का स्वामी बनाया

### प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के झाबुआ में आयोजित कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

### कलेक्टर भू-स्वामी अधिकार वितरण के कार्यक्रम में हुए शामिल



**दतिया।** प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना को म.प्र. सरकार ने जन कल्याणकारी योजनाओं में शामिल करते हुए क्रियान्वयन के लिए आज स्वामित्व योजनान्तर्गत भूमिहीन हितग्राहियों को भू-स्वामी अधिकार अभिलेख वितरण कर पूरे प्रदेश में भू-स्वामी बनाया गया। जिले में इस कार्यक्रम का भी वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें जिले के कलेक्टर श्री संदीप माकिन के साथ जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे। भू-स्वामी अधिकार अभिलेख वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर श्री माकिन ने कहा कि केन्द्र एवं म.प्र. सकार ने गरीब एवं आदिवासी लोगों के लिए विशेष जन कल्याणकारी योजनाओं को चलाकर अनेकों गरीबों को लाभान्वित किया है। इसीक्रम में आज सरकार ने प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना को क्रियान्वयन में लेते हुए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने झाबुआ जिले में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के प्रत्येक जिले के चिन्हांकित हितग्राहियों को भू-स्वामी अधिकर अभिलेख वितरण कर भूमि स्वामी बनाया गया है। दतिया जिले में इस योजना के अंतर्गत कुल 41 हितग्राहियों को आज न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में स्वामित्व योजनान्तर्गत भूमिहीन हितग्राहियों को भू-स्वामी अधिकार अभिलेख वितरण कर भूमि स्वामी बनाया गया। जिससे वह अपने जीवन में इस भूमि पर पक्का मकान बनाकर स्वयं मकान के स्वामी बनकर अपने परिवार के साथ अपना जीवन व्यतीत करेंगे।



## एनसीसी मुख्यालय भोपाल में बी-सर्टिफिकेट परीक्षा हुई

**भोपाल। (न.सं.)**

11 फरवरी 2024 राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी भोपाल मुख्यालय में एनसीसी बी - सर्टिफिकेट परीक्षा हुई। परीक्षा का आयोजन 10 एवं 11 फरवरी 2024 को हुआ। इसमें थल सेना, वायु और नौसेना एनसीसी विंग के 2100 कैडेटों ने हिस्सा लिया। परीक्षा में व्यावहारिक और लिखित घटकों को शामिल किया गया, जिससे कैडेटों के कौशल और ज्ञान का गहन मूल्यांकन सुनिश्चित हुआ। परीक्षा में ड्रिल, हथियार दक्षता, कंपास रीडिंग, एयरोमॉडलिंग और नौसेना जहाज मॉडलिंग सहित विविध परीक्षण शामिल थे।

### गुरु कृपा से होता है आध्यात्मिक शक्ति का जागरण

# प्रांतीय योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ का रामराज्य और योग दर्शन विषय पर प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित

**ग्वालियर। (न.सं.)**

प्रांतीय योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ जिला ग्वालियर के तत्वावधान में इंटरनेशनल सेंटर ऑफ मीडिया एक्सीलेंस (आईकॉम) पर रविवार को रामराज्य और योग दर्शन विषय पर प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि संत कृपाल सिंह महाराज थे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार डॉ. केशव पाण्डेय ने की। सत्येंद्र शास्त्री एवं ऋषिकेश वशिष्ठ ने स्वस्ति वाचन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संघ के जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक मुन्ना सिंह परिहार ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि संत कृपाल महाराज ने कहा कि आध्यात्मिक शक्ति का जागरण गुरु कृपा से होता है। गुरु, शरीर मात्र नहीं है गुरु तत्व है। गुरु तत्व चार प्रकार से जागृत होता है। स्पर्श, संकल्प,दृष्टि और मंत्र दीक्षा के द्वारा। योग मार्ग में कुंडलिनी शक्ति का जागरण दो प्रकार से किया जाता है। प्रथम- मूलाधार चक्र का जागरण और द्वितीय मार्ग आज्ञा चक्र का जागरण। प्रत्येक जीव पूर्व जन्म के संचित कर्मों को भोगने के लिए इस संसार में आता है जब उसके कर्म उच्च चेतना वाले होते हैं तब वह मानव बनता है । मानव शरीर धारण करने के बाद भी गुरु कृपा से ही वह अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त कर पाता है । अध्यक्षता कर रहे डॉ. केशव पाण्डेय ने कहा कि हमें अपनी भावनाओं को शुद्ध रखना चाहिए। दैनिक जीवन में ज्ञान अर्जन करते हुए सभी के साथ मधुर व्यवहार रखना चाहिए। प्रांतीय सचिव ऋषिकेश वशिष्ठ ने कहा कि राम राज में किसी भी प्रकार के कष्ट नहीं थे। तीन प्रकार के तापों की शांति योग अवस्था कहलाती है। राम राज तभी आ सकता है जब किसी भी राज्य के सभी नागरिक योग दर्शन के अनुसार जीवन व्यतीत करें। योग साधक का आहार, विहार, व्यवहार योग के नियम अनुशासन पर आधारित होगा तभी राम राज स्थापित हो सकता है। आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा कि आहार ,विहार और व्यवहार के माध्यम से ही हमारे मन में प्रसन्नता रह सकती है। शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक दीपक पाण्डेय ने कहा कि जीवन में हम सभी के साथ वही व्यवहार करें जैसा हम अपने लिए चाहते हैं। हमें सदैव सभी के साथ आत्मीय स्नेह युक्त व्यवहार करना चाहिए। दतिया जिला योग प्रभारी अनिल कुमार दुबे ने कहा कि आहार, निद्रा, भय और मैथुन मनुष्य और पशुओं में समान होते हैं। मनुष्य में बुद्धि विशेष होती है इसलिए वह स्वयं पर नियंत्रण कर सकता है। हमें यम, नियम व अनुशासन का पालन करना चाहिए और अपनी समझ को विकसित करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन ऋषिकेश वशिष्ठ ने तथा आभार व्यक्त दीपक पाण्डेय ने किया। इस दौरान दिनेश चाकणकर, हेमंत त्रिवेदी, अखिलेश पचौरी, शिव कुमार पाहवा, सत्येन्द्र शास्त्री, नीतू तोमर, आदेश द्विवेदी, अरविंद सक्सेना, रेखा श्रीवास्तव, श्रीकांत मिश्रा, नरेन्द्र दांतरे, देवेश कुमार शर्मा, भारती शाक्य, दिनेश शर्मा, आत्मन तिवारी, शांतनु चौहान, राधेश्याम सविता, बबिता सेंगर, संगीता, पुष्पराज सिकरवार, दिनेश शुक्ला, महेश खण्डेलवाल, डॉ अतुल एवं सोनू शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थे।



## पता पूछने पर पुलिसकर्मी और पूर्व पार्षद के पुत्र में मारपीट, समर्थकों ने फोड़ी सिपाही की आंखए मेयर से मिले भाजपाई

**आगरा।** अपराधी को ढूंढने गई पुलिस की एसओजी टीम के सिपाही और भाजपा के पूर्व पार्षद के बेटे में पता पूछने पर विवाद हो गया। सिपाही की आंख पर चोट लगी है। घटना शनिवार रात्रि की है। बोदला के राहुल नगर के रहने वाले पूर्व पार्षद श्यामवीर का 17 वर्षीय पुत्र घर के पालतू कुत्ते को लेकर घुमाने निकला था। रास्ते में डीसीपी सिटी की एसओजी टीम किसी जीतू नामक अपराधी को ढूंढ रही थी। पूर्व पार्षद के बेटे से पता पूछने के दौरान उनमें बहस के बाद मारपीट हो गई।आरोप है कि पूर्व पार्षद के बेटे के समर्थन में और लोग आ गए। इसके बाद उन्होंने पुलिस चौकी पर जाकर भी अभद्रता की है। सिपाही को गंभीर चोट आई हैं। उसकी आंख के पास एक दर्जन टांके लगाने पड़े हैं। डीसीपी सिटी सूरज राय के अनुसार आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आधा दर्जन नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी चेक किए जा रहे हैं। घटना के विरोध में पूर्व पार्षद की ओर से स्थानीय लोगों ने मेयर हेमलता दिवाकर से शिकायत की है। हेमलता दिवाकर ने पुलिस आयुक्त से वार्ता कर जांच करने की अपील की है। भाजपा नेताओं ने सोमवार को विधायक और सांसद से मिलकर आगे की रणनीति बनाने की बात कही है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से किया संवाद

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हितग्राहियों से योजनाओं का फीड बेक लिया

**भोपाल। (न.सं.)**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने झाबुआ में जनजातीय महा सम्मेलन के अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियो से संवाद किया। उन्होंने आहार अनुदान योजना के हितग्राही श्रीमती गोरा बाई सहरिया, रामी बाई सहरिया, वास्तो बाई सहरिया से संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने योजना के लाभ मिलने संबंधित जानकारी ली। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के हितग्राही श्री प्रकाश वसुनिया, श्रीमती रुखमा बाई डामोर से संवाद करते हुए योजना के लाभ के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के हितग्राही श्री दीपक डामोर एवं सचिन चौहान से संवाद करते हुए योजना के लाभ और उससे रोजगार के मिले अवसर की जानकारी ली।



## महिलाओं की विज्ञान में सहभागिता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर कार्यक्रम आज से

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम को करेंगे संबोधित

**भोपाल। (न.सं.)**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिलाओं की विज्ञान में सहभागिता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर 12 फरवरी को दोपहर 1 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस दौरान एसटीईएम (साइंस, टेक्नॉलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स, क्षेत्र में निपुण महिलाओं का सम्मान और रोजगार मेलों में चयनित महिला अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार और कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में इंडो जर्मन इनिसियेटिव फॉर टेक्निकल एजुकेशन (IGnITE) अंतर्गत प्रदेश की सभी शासकीय आईटीआई इंडस्ट्रीयल सेफ्टी ट्रेनिंग और आईआईटी इंदौर के सहयोग से महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज भोपाल में प्रोक्योरमेंट एसेन्सियल फॉर स्टूडेंट एडवांसमेंट (PESA) कोर्स प्रारंभ किया जायेगा। साथ ही आईआईटी दिल्ली द्वारा उज्जैन में कोर्स ब्लेकचेन, जबलपुर में कोर्स आईओटी एवं एआई तथा एसव्ही पॉलिटेक्निक भोपाल में कोर्स एआर/व्हीआर का शुभारंभ होगा।

# कौशल विकास राज्य मंत्री टेटवाल ने ग्राम कड़लावद में सुनी ग्रामीणों की समस्याएँ

**भोपाल। (न.सं.)**

कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कड़लावद में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएँ सुनी और अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने रात्रि विश्राम भी कड़लावद में किया।

श्री टेटवाल ने ग्राम कड़लावद में सुबह उठकर ग्रामीणों के साथ सफाई अभियान चलाया। स्व-सहायता समूहों की बहनों के साथ बैठक कर उन्हें विभिन्न रोजगार मूलक योजनाओं की जानकारी दी।



उन्होंने कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इनका लाभ उठाएँ। श्री टेटवाल ने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गाँव से विलुप्त हो चुकी विभिन्न कलाओं एवं तकनीकों को पुर्नजीवित करने की जरूरत है। इस बारे में विभाग की ओर से हर संभव मदद की जायेगी। इस दौरान स्थानीय जन-प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भोपाल में माउथ कैंसर के लिए डेडीकेटेड हॉस्पिटल बनबाने की पहल करूंगी : राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर

### इंडियन डेंटल एसोसिएशन भोपाल ब्रांच की एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन

**भोपाल। (न.सं.)**

भोपाल में माउथ कैसर के उपचार के लिए डेडीकेटेड हॉस्पिटल बनवाने के लिए पहल करूंगी। यह बात पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कही है। श्रीमती गौर रविवार को इंडियन डेंटल एसोसिएशन भोपाल ब्रांच की एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थी।




राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने डेंटल ट्रीटमेट को हेल्थ इंश्योरेंस में शामिल करवाने की बात भी कही। एसोसिएशन की वर्कशाप में बताया गया कि हेल्थ इंश्योरेंस में डेंटल ट्रीटमेंट शामिल नहीं है, इसे शामिल करवाया जाए। इसके साथ जानकारी दी गई कि माउथ कैंसर के मामले में हर आठवा मरीज भोपाल का है। इसलिए भोपाल में माउथ कैंसर के लिए डेडीकेटेड हॉस्पिटल शुरू किया जाए। वर्कशॉप में इंडियन डेंटल एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. सुखदा सिंह, सचिव डॉ. सौरभ दांतरे, कोषाध्यक्ष डॉ. वेदांत गुप्ता, गेस्ट लेक्चरर डॉ. वर्षा राव सहित डेंटिस्ट उपस्थित थे।

## एनसीसी मुख्यालय भोपाल में बी-सर्टिफिकेट परीक्षा हुई

**भोपाल। (न.सं.)**

राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी भोपाल मुख्यालय में एनसीसी बी - सर्टिफिकेट परीक्षा हुई। परीक्षा का आयोजन 10 एवं 11 फरवरी 2024 को हुआ। इसमें थल सेना, वायु और नौसेना एनसीसी विंग के 2100 कैडेटों ने हिस्सा लिया। परीक्षा में व्यावहारिक और लिखित घटकों को शामिल किया गया, जिससे कैडेटों के कौशल और ज्ञान का गहन मूल्यांकन सुनिश्चित हुआ। परीक्षा में ड्रिल, हथियार दक्षता, कंपास रीडिंग, एयरोमॉडलिंग और नौसेना जहाज मॉडलिंग सहित विविध परीक्षण शामिल थे।

### राम मंदिर के वकील को अगला राष्ट्रपति बनाने की मांग:

# एमपी बीजेपी लीगल सेल ने पीएम को भेजा ज्ञापन, के.परासरण को बनाया जाए प्रेसिडेंट

**भोपाल। (न.सं.)**

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर करीब 500 साल के संघर्ष के बाद आखिरकार भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हुई है। अयोध्या में विवादित ढांचा गिराने के बाद अदालत में राम जन्मभूमि मामले के पक्षकारों की ओर से कानूनी लड़ाई लड़ने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील के.परासरण को भारत का अगला राष्ट्रपति बनाने की मांग शुरू हो गई है। मप्र भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा ने भोपाल कलेक्टर के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा है।



एमपी बीजेपी लीगल सेल के प्रदेश सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा का कहना है कि के. परासरण के राष्ट्रपति बनने पर प्रभु श्रीराम में मानने वाले लोग खुद को गौरवान्वित महसूस करेंगे। पीएम के नाम ज्ञापन में विश्वकर्मा ने लिखा है कि 'मैं आज तक परासरण जी से न तो मिला हूं, न ही वो मुझे जानते हैं। लेकिन, यह मेरा आत्मीय भाव है कि द्रौपदी मुर्मू के बाद उन्हें देश का राष्ट्रपति बनाया जाए।

### राम भक्तों को भी खुशी होगी

के. परासरण को राष्ट्रपति बनाने की मांग करने वाले वकील अशोक ने दैनिक भास्कर से कहा कि 'प्रभु श्रीराम में इस विश्व की सभी सनतानियों और बहुत से लोगों की आस्था है। मंदिर के लिए भगवान श्री राम का केस सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता के. परासरण ने लड़ा था।

# जो ज्ञान सुन रहे हैं उसे प्रैक्टिकल जीवन में अमल करना है जीवन को सुंदर बनाना है: ब्रह्माकुमारी दीपा दीदी

**मुरैना। (न.सं.)**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र सुख शांति भवन सब्ज़ी मंडी रोड पोरसा की ब्रह्माकुमारी पाठशाला रामनगर में दतिया से पधारी राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रह्माकुमारी दीपा दीदी ने सभी को बताया श्रीमद्भगवद् गीता को मानवता का शास्त्र कहा जाता है, उसमें जीवन जीने की कला है, उसको माता की उपमा भी दी जाती है। वह माँ बनकर हमें अमृतपान कराती है। जिससे आज के भटके हुए मनुष्य के अंदर दिव्य संस्कार पनपने लगते है। %गीता सर्व शास्त्र शिरोमणी है% क्योंकि इस्लाम धर्म में जेहाद शब्द का प्रयोग हुआ है। उसमें अच्छाई की बुराई पर युद्ध की बात आती है तो महात्मा बुद्ध ने लोगों को मूर्ति पूजा प्रति खिंच कर कर्म ही धर्म है ऐसा कहा। जिस भवगद् गीता में अहिंसा, अनाशक्त वृत्ति की धारण की बातें की है उसको जैन धर्म ने अपने दर्शन शास्त्र में बताया है। हरेक ने जो बातें योग्य लगी वह गीता में से ले कर अपने धर्म शस्त्र में कहा है कि जिनको प्रभु का प्यार मिल रहा है वह बड़े ही सौभाग्यशाली हैं। इसलिए सदैव स्मृति रहे कि हमारे जैसा खुशनसीब और कोई नहीं है । भगवान ने हम सभी को सर्व खजाने दिए हैं ज्ञान का खजाना, गुणों का खजाना, शक्तियों का खजाना, खुशी का खजाना बस इन्हें उपयोग करना आना चाहिए। जो समय पर इन खजानों को उपयोग कर पाते है वह जीवन को सुंदर तरीके से जीते है। और इन खजानों को बढ़ाने का तरीका है जितना बांटो उतना बढ़ेगा। जो आपको चाहिए वह बांटना शुरू करो खुशी चाहिए तो खुशी बांटो, सम्मान चाहिए तो सबको सम्मान दो, प्रेम चाहिए तो सभी से प्रेम पूर्वक व्यवहार करो। क्योंकि संसार का नियम है जो देंगे वही मिलेगा।



दीदी ने आगे कहा कि जीवन मे हमेशा ध्यान रखो कि हमारे शब्द कैसे है हम जो बोल रहे है वह दूसरों को मिठास देने वाले हो कोई शब्द ऐसा नहीं बोलना चाहिए जो दूसरों को दु:ख दे। घर के अंदर अगर अच्छा वातावरण बनाना है तो रोज दिव्यगुणों को धारण करने की पढ़ाई पढ़ो उस पर चिंतन करो यदि हमारे जीवन में आलस्य अलबेलापन होगा तो हम किसी भी कार्य को बेहतर ढंग से नहीं कर पाएंगे । जो हमारे मन में विचार आते हैं वही कर्म में आता है इसलिए सदैव अच्छे विचार ही अपने मन में लेकर के आएं क्योंकि वही तरंगे हमारे आसपास भी फैलती हैं । इसलिए इस बात पर अटेंशन हो कि हमारे आसपास का वातावरण अच्छा बने उसके लिए सदैव सकारात्मक ही सोचें, जिससे मिलो तो ऐसे मिलो जैसे अपने परिवार का सदस्य है क्योंकि सब परमात्मा शिव की संतान है। इसलिए सब आपस में भाई भाई है। सभी के प्रति बेहद की भावना अंदर में रखो मेरे परिवार वालों का या मेरा कल्याण ही नहीं बल्कि यह भाव रखो की सबका कल्याण हो तो उसमें मैं और मेरा परिवार भी आ जायेगा।

### निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण का हुआ समापन

## जिले की नगरी निकायों में द्वितीय चरण अंतर्गत बीस फरवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा होगी संचालित

**मुरैना। (न.सं.)**

मुरैना नगर निगम द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा का कल रविवार की शाम द्वितीय चरण का समापन पीजी कॉलेज जौरा रोड पर हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का द्वितीय चरण नगर निगम मुरैना द्वारा भारत सरकार के निर्देश अनुसार 6 फरवरी से 11 फरवरी तक संचालित की गई नगर निगम मुरैना द्वारा कुल 12 स्थान पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविरो का आयोजन किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का रविवार शाम को द्वितीय चरण अंतर्गत समापन किया गया विकसित भारत यात्रा द्वितीय चरण 12 फरवरी से जिले के नगरी निकाय अंबा पोरसा केलारस जोरा झुंडपुरा बामोर सबलगढ़ नगरी निकायों में 20 फरवरी तक संचालित की जाएगी रविवार को विकसित भारत यात्रा सुवालाल का पूरा एवं पीजी कॉलेज जौरा रोड पर आयोजित की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा में बड़ी संख्या में आम जनों ने पहुंचकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प की शपथ भी दिलाई गई एवं विकसित भारत संकल्प कैलेंडर और टी-शर्ट का वितरण भी किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान समाजसेवी दीपक भोला द्वारा बाल विवाह बाल मजदूरी पर सभी योजनाओं के हितग्राहियों को जानकारी दी गई और बताया गया कि जहां भी बाल विवाह या बाल मजदूरी होती है तो उसकी शिकायत सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर आवश्यक रूप से करें विकसित भारत संकल्प यात्रा में नगर निगम से सोनू महेश्वरी सामुदायिक संगठन मधु पाराशर शिवम परमार भोला शर्मा राहुल यादव सोनू शर्मा सोनू घुरैया सियाराम सविता दिनेश खटीक महिला बाल विकास विभाग एक स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा, स्थानीय संपादकगिर्राज सिंह तोमर मोबा.- 9111489850
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954